श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 276, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 02 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## जी20 में वैश्विक नीतियों के प्रभावों पर चर्चा भारत की प्राथमिकता: निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** भारत विकसित अर्थव्यवस्थाओं के घटनाक्रमों के प्रभाव (स्पिलओवर) से निपटने और क्रिप्टो करेंसी के वैश्विक स्तर पर विनियमन के लिए जी20 में सामूहिक प्रयासों पर जोर देगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडिया काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) के 14वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय जी-20 सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने मंगलवार को यहा आईसीआरआईईआर के जी-20 सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ तुलना के लिहाज से बहुत सहज स्थिति में हैं। निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि हमारा वृहत आर्थिक आंकड़ों का आधार ठीक है। उन्होंने कहा कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं को हमेशा विकसित देशों की अर्थव्यवस्था में होने वाली



घटनाओं के अनपेक्षित प्रभाव का सामना करना पड़ता है।

सीतारमण ने आगे कहा कि भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता संभालने के बाद चर्चा वाले क्षेत्रों का भी जिक्र किया। इनमें बहुपक्षीय संस्थानों और खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा में सुधार समेत प्राथमिकता वाले आठ प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। दरअसल भारत एक दिसंबर से इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा, जो 20 विकसित और विकासशील देशों का समूह है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब हम विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं में अनपेक्षित स्पिलओवर का भी सामना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ऐसी स्थिति जो एक जगह से शुरू होती है और उसका अप्रत्यक्ष प्रभाव कहीं और पड़ता है, उसे स्पिलओवर कहते है।

# ब्रिज हादसा: घायलों से मिले पीएम





**गांधीनगरः गुजरात** में ब्रिज हादसे के दो दिन बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोरबी पहुंचे। यहां उन्होंने सिविल अस्पताल में घायलों से मिलकर उनका हाल जाना। इसके बाद वे अपनों को खोने वाले परिवारों से एसपी ऑफिस में मिले। उन्होंने यहां अफसरों के साथ बैठक भी की। मोरबी आते ही पीएम ने सबसे पहले घटनास्थल पहुंचकर मच्छू नदी पर टूटे ब्रिज का मुआयना किया। मोरबी में 30 अक्टूबर की शाम हुए पुल हादसे में अब तक 135 शव बरामद हुए हैं। शवों की तलाश मंगलवार को भी की गई। एनडीआरएफ के मुताबिक नदी में 2 और शव फंसे हो सकते हैं। 125 लोगों की टीम और 12 नावों के साथ गोताखोर तलाशी कर रहे हैं। गुजरात में बुधवार को एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। पीएम मोदी ने हादसे वाली जगह का मुआयना किया। गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी ने उन्हें घटना की जानकारी दी। पीएम मोदी ने मोरबी हादसे में अपनों को खोने वाले लोगों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। एनडीआरएफ ने कहा कि हमें आशंका है कि कुछ शव नदी के तल में भी हो सकते हैं। हमने गोताखोरों को बुलाकर सर्च ऑपरेशन फिर शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने मोरबी सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मिल उनका हाल चाल जाना। साथ ही पीएम ने हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। गुजरात के मोरबी में रविवार को हुए केबल ब्रिज हादसे में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है।

### वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

**प्रधानमंत्री** ने मोरबी में केबल ब्रिज हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के संपर्क में रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस दुखद घड़ी में उन्हें हर संभव मदद मिले। वहीं, 100 से ज्यादा घायल लोगों का इलाज मोरबी के सिविल अस्पताल में अभी भी जारी है।

**राहत एवं बचाव कर्मियों से मिले पीएमः** पीएम मोदी ने मंगलावर को गुजरात के मोरबी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हादसे में घायल लोगों का इलाज जानने के साथ, राहत एवं बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सभी के साहस की प्रशंसा की।

## बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए सख्त हुई दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार एक्शन मोड में है। राज्य के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को एंटी डस्ट अभियान के तहत औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक निर्माण कंपनी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमार्णाधीन स्थलों पर भारी अनियमितताएं पाईं । दिल्ली में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध के



बावजूद निर्माण कार्य कई स्थानों पर चल रहे थे। ऐसे में डीपीसीसी को निर्माण कार्य बंद करने एवं एक कंपनी पर 05 लाख रुपये का जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज आईटीओ के पास एक निर्माण स्थल पर निरीक्षण के लिए पहुंचे थे।

## गुटबंदी से ऊपर उठ हो विवादों का समाधान एससीओ

**नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाने के लिए गुटबंदी से ऊपर उठने का आहवान किया है। एससीओ ने कहा है कि विवादों को हल करने में संयुक्त राष्ट्र की केन्द्रीय भूमिका होनी चाहिए व विभिन्न गुटों के बीच टकराव और विरोध की स्थिति खत्म होनी चाहिए। भारत, चीन और रूस की प्रमुख भूमिका वाले एससीओ संगठन के सरकार प्रमुखों की 21वीं बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चीन के प्रधानमंत्री ली कु चियांग ने की। वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए संपन्न बैठक में चीन, रूस, तजाकिस्तान, कजाखस्तान,




किर्गिजस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया जबकि भारत और पाकिस्तान की ओर से विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। पाकिस्तान की ओर से बिलावल अली भुट्टो जरदारी ने भाग लिया। बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में एससीओ देशों ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों के नए रूप का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें आपसी सहयोग और सम्मान तथा न्याय और समानता पर जोर दिया जाना चाहिए। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि परंपरागत और गैर-परंपरागत चुनौतियों तथा सुरक्षा संबंधी खतरों का मुकाबला करने के लिए जरूरी है कि टकराव के रवैये से बचा जाए। साथ ही गुटों पर आधारित नीति का परित्याग किया जाए। सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्यों देशों के बीच मध्य एशियाई देशों पर केन्द्रित संपर्क और परिवहन सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। इससे एससीओ क्षेत्र की आर्थिक क्षमता का दोहन होगा और इसमें चाबहार बंदरगाह व अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### भारत दौरे पर आए भूटानी कमांडर से हुई रक्षा सहयोग मजबूत करने पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रॉयल भूटान आर्मी के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग मंगलवार को भारत की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। उन्होंने भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू से मुलाकात करके दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। सैन्य अधिकारियों के बीच हुई वार्ता भारत-भूटान रक्षा सहयोग पर केंद्रित रही और दोनों कमांडरों ने उभरते क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों की समीक्षा की।

## संसद में पेश करने से दो महीने पहले सार्वजनिक नहीं हो सकेगा विधेयक का ड्राफ्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संसद और विधानसभा में विधेयक पेश करने से दो महीने पहले उसका ड्राफ्ट सार्वजनिक करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।

चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता की इस मांग में दम है कि स्थानीय भाषाओं में ड्राफ्ट लोगों को उपलब्ध हो और उस पर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन हम अपनी ओर से सरकार को ये निर्देश नहीं दे सकते हैं। भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर याचिका में वापस लिये जा चुके कृषि कानूनों का भी हवाला दिया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि जल्दबाजी में बने कानून कई बार उपयोगी साबित नहीं होते। अगर कानून का ड्राफ्ट लोगों के सामने होगा तो उस पर चर्चा होगी। उस दौरान लोगों की तरफ से आए सुझाव से जनप्रतिनिधियों को मदद मिलेगी।

## ठग सुकेश का दावा-आप को 50 करोड़ दिए, मंत्री सत्येंद्र जैन ने वसूली 10 करोड़ प्रोटेक्शन मनी

**नई दिल्लीः** जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना को चिट्ठी लिख आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर बड़ा दावा किया है। सुकेश ने कहा कि जेल में सुरक्षा और सहूलियत के नाम पर जैन ने 10 करोड़ रुपए वसूले थे। ये रकम उनके एक करीबी के जरिए ली गई थी। सुकेश ने दावा किया कि उसने आप को भी 50 करोड़ रुपए दिए थे और बदले में पार्टी ने दक्षिण भारत में जिम्मेदारी सौंपने का वादा किया था। सुकेश चंद्रशेखर 2017



से मंडोली जेल में बंद है। उसे बीच में तिहाड़ भी शिफ्ट किया गया था। सुकेश ने हाईकोर्ट में भी सत्येंद्र जैन के खिलाफ शिकायत की है। इस पर अगले महीने सुनवाई होगी। आप सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 6 महीने से तिहाड़ जेल में बंद हैं।

**जैन और आप को फंडिंग की जानकारी सीबीआई को दी थीः** मैंने सत्येंद्र जैन, आम आदमी पार्टी और जेल के डीजी संदीप गोयल को किए गए पेमेंट्स की सारी जानकारी सीबीआई की जांच टीम को दी थी और दिल्ली हाईकोर्ट में सीबीआई जांच के लिए पिटीशन भी दाखिल की थी। सत्येंद्र जैन जो कि तिहाड़ में बंद है। उसने मुझे डराया-धमकाया ताकि मैं अपनी शिकायत वापस ले लूं।

**2015 से जैन को जानता हूं, उन्होंने बड़े पद का वादा कियाः** 2017 से मैं दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हूं। मैं सत्येंद्र जैन को 2015 से जानता हूं और मैंने आम आदमी पार्टी को 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम इस वादे पर दी है कि पार्टी मुझे साउथ में बड़ा पद देगी।

## यूपीआई के जरिए लेन-देन अक्टूबर में 7.7 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश में एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) के जरिए लेन-देन का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। त्योहारी सीजन अक्टूबर में यूपीआई के जरिए लेन-देन की संख्या 7.7 फीसदी बढ़कर 730 करोड़ पर पहुंच गई। इस दौरान 12.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का भुगतान किया गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यह जानकारी दी है। एनपीसीआई की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर में यूपीआई के जरिए लेन-देन की संख्या 7.7 फीसदी बढ़कर 730 करोड़ ट्रांजैक्शन पर पहुंच गई। इस दौरान 12.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का भुगतान किया गया। सितंबर में यूपीआई के जरिए लेनदेन की संख्या 678 करोड़ रही थी, जबकि 11 लाख करोड़ रुपये मूल्य का भुगतान हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के जारी आंकड़ों के मुताबिक तत्काल हस्तांतरण-आधारित भुगतान प्रणाली (आईएमपीएस) के जरिए अक्टूबर महीने में 4.66 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 48.25 करोड़ लेन-देन हुए। आईएमपीएस के जरिए लेन-देन की यह संख्या सितंबर की तुलना में 4.3 फीसदी अधिक है।

## सीएम योगी ने ग्रेटर नोएडा को दी 1670 करोड़ की सौगात

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा को गंगाजल परियोजना समेत 1670 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-4 में मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 85 क्यूसेक की गंगाजल परियोजना की शुरूआत होने के बाद घरों में स्वच्छ पीने योग्य जल की आपूर्ति संभव होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गौतमबुद्धनगर देश ही नहीं, विदेश में भी निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य बन रहा है। पिछले साढ़े पांच वर्षों में यहां नई-नई चीजें आई हैं। मेट्रो यहां प्रारंभ हुई, एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है, फिल्म सिटी यहां बनने जा रही है, मेडिकल



डिवाइस पार्क बनने जा रहा है और भी कई योजनाएं जल्द यहां आने वाली हैं।यह क्षेत्र लाखों नौजवानों के लिए रोजगार, लाखों परिवारों को स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने की ओर बढ़ रहा है। निवेश के नए क्षेत्र यहां बन रहे हैं। पहले हम केवल आईटी और आईटीएमएस में निवेश देखते थे, लेकिन अब मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट के हब के रूप मल्टी मॉडल लॉजिस्टक हब के रूप में भी ये क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन्हीं में से कुछ योजनाओं का लोकार्पण हुआ है।

**गंगा मइया खुद स्वच्छ जल देने घर आ रही हैंः** मुख्यमंत्री ने कहा, अब तक लोग गंगा स्नान करने जाते थे, लेकिन अब गंगा मइया खुद लोगों के घर तक स्वच्छ जल देने आ गई हैं। 85 क्यूसेक गंगा जल यहां उपलब्ध होने जा रहा है। यहां पर 176 किमी पाइपलाइन का नेटवर्क बिछाया गया है, पांच एकड़ में 19 रिजर्व वायर का निर्माण हुआ। इस पर 376 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय हुई। चार लाख लोगों को इसके माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कर पाएंगे। यहां पर 28 आवासीय सेक्टर में यह सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं और मार्च 2023 तक 38 आवासीय सेक्टर तक विशुद्ध गंगाजल की आपूर्ति करने वाले हैं। विकास में जो लोग बैरियर बनते थे, उन्होंने यहां भी कोताही नहीं छोड़ी थी।

## गांव की आत्मनिर्भरता से होगी देश की समृद्धि : नरेंद्र सिंह तोमर

**पुणे/नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि गांव की आत्मनिर्भता से देश की समृद्धि होगी। केन्द्र सरकार गांवों और किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। तोमर ने मंगलवार को पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे किसान, देश की रक्षा के लिए काम करने वाले सैनिकों की तरह वंदनीय है। देश का पेट भरने के लिए किसान कई




तरह के त्याग करते हैं। रक्षा व खेती, दोनों क्षेत्रों में काम करना देश के लिए काम करना है। इन क्षेत्रों में काम करने वाले आजीविका कमाते हैं, साथ ही देश की आत्मा को मजबूत करते हैं। तोमर ने कहा कि गांव देश की आत्मा है।

# हरित भविष्य के लिए मेजा उर्जा निगम प्रतिबद्ध : केदार रंजन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** एनटीपीसी और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम का संयुक्त उपक्रम मेजा ऊर्जा निगम , अपने 660 मेगावाट की दो इकाइयों के साथ विद्युत उत्पादन कर प्रयागराज क्षेत्र को न केवल समग्र विकास की ओर अग्रसर कर रहा है बल्कि गैसों और पार्टिकुलेट मैटर के उत्सर्जन को न्यूनतम कर हरित भविष्य सुनिश्चित करने की ओर भी द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। मेजा ऊर्जा निगम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही गैसीय उत्सर्जन सुनिश्चित करता है एवं वातावरण में पर्टिकुलेट मैटर और गैसीय उत्सर्जन को रोकने के लिए इलेक्ट्रो-स्टेटिक प्रेसीपिटेटर (ईएसपी) का सतत उपयोग करता है। साथ ही उत्सर्जन संबंधित डेटा को पारदर्शी ढंग से संयंत्र परिसर के बाहर स्थापित एलईडी पर भी प्रदर्शित



किया जाता है। मेजा ऊर्जा निगम देश के उन 30 प्रतिशत विद्युत उत्पादन करने वाली कंपनीयों में एक है जो आगे बढ़कर गैसीय उत्सर्जन में सल्फर के ऑक्साइड को नियंत्रित करने के लिए पर्यावरण मंत्रालय के मानको के अनुरूप फ़्लू गैस डिसल्फराइजेशन (ऋङ्क) संयंत्र स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है जिसकी मदद से स्टैक उत्सर्जन से लगभग 99% सल्फर के ऑक्साइड से मुक्त हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि महामारी, लॉकडाउन और अन्य संबद्ध मुद्दों के बावजूद मेजा ऊर्जा निगम अपने दोनों एफजीडी संयंत्र को 2023 में पूरा करने के लिए कटिबद्ध है जो पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जारी समय सीमा वर्ष 2026 काफी पहले है। मेजा ऊर्जा निगम ने अपने संयंत्र और टाउनशिप में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज सिस्टम को संस्थागत बनाने के साथ-साथ वर्षा जल संचयन की सुविधा के द्वारा जल संरक्षण की दिशा में कई कदम उठाए हैं।

पूर्ण राख उपयोग की दिशा में निरंतर प्रयास करते हुए, मेजा ऊर्जा निगम न केवल प्रदूषण नियंत्रण में योगदान दे रहा है बल्कि बुनियादी ढांचे के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पर्यावरण सरंक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी कटिबद्धता के अनुपालन मे मेजा ऊर्जा निगम मे अक्टूबर माह में बृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जहां कर्मचारियों व उनके परिजनों के द्वारा प्लांट, आवासीय परिसर और आसपास के क्षत्रों में 5000 से अधिक पौधा लगाया गया। बताते चलें कि मेजा ऊर्जा निगम द्वारा प्लांट व आस पास के क्षेत्र मे हरियाली को बढ़ाने के लिए 3 लाख से अधिक वृक्ष लगाए जा चुके है जिसके सकारात्मक परिणाम अब परिलक्षित होने लगे हैं। एक माह तक चले इस कार्यक्रम में, पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक नाट्य मंचन के माध्यम से जन मानस को पर्यावरण के प्रति गंभीर एवं जागरूक बने रहने हेतु प्रेरित किया गया एवं उन्हें मेजा ऊर्जा निगम द्वारा की जाने वाली विभिन्न पर्यावरणीय पहलों के बारे में अवगत कराया गया।इसके अलावा, जूट बैग और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादो के उपयोग के लिए भी सभी को प्रेरित किया गया । कंपनी की भावी हरित पहलों में बॉयलर में ईंधन के रूप में कोयले के साथ जैव छर्रों का सम्मिश्रण शामिल है। उद्योग और समाज के सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अन्य पर्यावरण अनुकूल उपायों में राख-ईंट निर्माण सुविधा और नवीकरणीय ऊर्जा में प्रवेश शामिल है।

# जिलाधिकारी ने नैनी में पावर ट्रांसफार्मर का फीता काटकर शुभारम्भ किया

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** स्थित सिरडी साई इलेक्टिकल लिमिटेड नैनी में पावर ट्रांसफार्मर का फीता काटकर शुभारम्भ किया तथा टेलर पर लगे ट्रांसफार्मर को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा निरीक्षण भी किया। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी बंद कार्य की शुरूआत करना बहुत ही कठिन कार्य होता है और ये कार्य बंद पड़ी कारखाना की शुरूआत उसमें आपका (सीईओ) का बहुत बड़ा योगदान है। आपका लगन एवं परिश्रम काबिले तारीफ है। ये कारखाना एक बेहतरीन इतिहास बनायेगी तथा विद्युत व्यवस्था में एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करेगी। इस अवसर पर सीईओ श गोखले एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे एस एसस ई लिमिटेड नैनी द्वारा बनाए गए प्रथम तीन ट्रांसफार्मर को जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री द्वारा फीता काटकर प्रथम करवाया इस अवसर पर फैक्टरी मैनेजर अरुण यादव यूनिट हेड गोपालकृष्ण गोखले विशाल योग एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## गोपाष्टमी पर पूजीं गई गाय माता

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** धार्मिक परंपराओं एवं मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को गोपाष्टमी कहते हैं। गोपाष्टमी का यह पर्व गोधन एवं भगवान कृष्ण से जुड़ी हुई है। ऐसी मान्यता है कि गाय को माता कहा गया है गाय में देवी देवता का निवास माना गया है और पौराणिक ग्रंथों में गाय को कामधेनु की मानता भी दी गई है। क्योंकि समुद्र मंथन में कामधेनु गाय की उत्पत्ति से पवित्र होने की वजह से ऋषियों ने अपने पास रख लिया तथा कामधेनु की पूजा पाठ विधान से होने लगा गाय को माता का दर्जा भी दिया गया। इस अवसर पर विकासखंड बहादुरपुर के महरौड़ा ग्राम सभा की ग्राम प्रधान गीता देवी ने गांव में बने गोआश्रय स्थल पर जाकर गौ माता की विधिवत माल्यार्पण कर हल्दी चंदन का टीका लगाकर उनकी पूजा आरती की एवं मिष्ठान, पूड़ी, हलवा खिलाकर गौ माता से आशीर्वाद लिया।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में स्व-रोजगार के प्रति बढ़ता जुनून

अखंड भारत संदेश

**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा उचडीह बाजार में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सौजन्य से गंगा महिला स्वंय सहायता समूह द्वारा संचालित परी ब्यूटी पार्लर एवं श्रृंगार स्टोर व साड़ी सेंटर का विधि-विधान पूजा करके खण्ड विकास अधिकारी उरूवा ब्रह्मपाल सिंह के द्वारा फीता काटकर लोकार्पण कर महिला समूह की महिलाओं का हौसला बुलन्द किया।

खण्ड विकास अधिकारी उरूवा ब्रह्मपाल सिह ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास से ही नव भारत का निर्माण संभव है। इसके लिए भारत सरकार और समाज को मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे। गंगा



महिला स्वयं सहायता समूह की अगुवा श्रीमती सपना निषाद ने उरूवा ब्लाक की महिलाओं की प्रेरणा श्रोत हैं। बीडीओ उरूवा ब्रह्मपाल सिंह ने कहा कि समूह संचालन की परदर्शिता अपने मेहनत के दम पर संचालित करके यह दिखा दिया कि महिलाएं भी स्वावलंबी हो सकती हैं। इन महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बन सके इन्हें ट्रेनिग देकर छोटे-मोटे ब्यवसाय से उन्हें जोड़ सके तो ये आर्थिक विकास में मदद करेगी। उद्घघाटन में मुख्य रूप से मनीष गुप्ता, श्रीमती शिलोत्तमा बैंक सखी, प्रतिमा मिश्रा, रंजीत श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, रुचि तिवारी, राजकुमारी, राजाराम निषाद, संगीत, संध्या, आरती, गीता, आशा यादव, राजकुमारी देवी आदि समूह के लोग उपस्थित रहे।

## देश के विकास में सफाई कर्मियों का योगदान अहमः ईओ

**शंकरगढ़।** समाज के विकास में सफाईकर्मियों का अहम योगदान होता है। यह सफाई कर्मी ही होते हैं, जो हमारे-आपके द्वारा फैलाई गई गंदगी को बटोरकर उसे साफ करते हैं। आज कचरा निस्तारण एक बड़ी समस्या है। घरों से निकलने वाले कचरे को सफाईकर्मी एकत्र कर उसका निस्तारण सुनिश्चित करवाते हैं। यह बातें नगरपंचायत शंकरगढ़ के ईओ सत्येंद्र प्रकाश चौरासी ने कही। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) योजना के तहत आज साफ-सफाई में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।ईओ ने कस्बावासियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह नगर सभी का है और इसके साफ-सफाई की जिम्मेदारी भी कस्बावासियों की ही है।सभी कस्बावासी अपने घरों से निकलने वाले कचरे को कूड़ादान में ही डालें। गीले और सूखे कचरे केलिए अलग-अलग कूड़ेदान की स्थापना कराई गई है। सड़कों और गलियों में बनी नालियों में कभी भी कूड़ा न डालें।

# कप्तान ने संभाली कमान तो खुल गया जाम, पांच घाटे जाम में झुझते रहे लोग

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** गंगा नदी पर बने शास्त्री पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के चलते राहगीरों की मुशीबत बढ़ गई है। मंगलवार को भी सुबह से दोपहर तक चुग्गी दारागंज से झूंसी पुलिस बूथ तक जाम लगा रहा जिसमे एम्बुलेंश, शहर आफिस जाने वाले लोग, स्कूली बच्चे फसे रहे। दोपहर बाद कप्तान शैलेश पांडे ने कमान सम्हाली और दोनों लेन को खुलवा दिया गया तब आवागमन सुचारू हो सका।

झूंसी से शहर जा रहे जाम में फंसे आदर्श सिंह ने बताया कि जाम की वजह से मुश्किलें बढ़ गई है मरम्मत कार्य के चलते मार्ग वनवे है यही काम अगर रात में हो तो राहगीरों को जाम के झाम से राहत मिलेगी। जगतपुर से शहर के एक



स्कूल में जाने के लिए निकले शोभित व अंकित 1 बजे तक जाम में फंसे रहे फिर झूंसी से वापस घर लौट गए।

कई लोग तो गाड़ी घुमाकर फाफामऊ की ओर से निकल गए। जाम खुलवाने में ट्रैफिक पुलिस दारागंज, झूंसी थाने की फोर्स लगी रही पर जाम बढ़ाता जा रहा था तभी एसएसपी शैलेश पांडे, एसपी ट्रैफिक, सीओ दारागंज के साथ पैदल ही शहर से झूंसी आने ले लेन पर पंहुच मरम्मत कार्य बंद कराकर मार्ग को खुला दिया और पैदल ही झूंसी आ गए दोनों लेन खुलते ही 20 मिनट में जाम समाप्त हो गई। जाम में फंसे कुछ लोगों का कहना था कि बगैर बगैर इस व्यवस्था से चल रहा मरम्मत का कार्य परेशानी का सबब बना हुआ है।

### पैदल पथ पर बना गड्ढा हो सकता है हादसा

शास्त्री पुल के दक्षिणी लेन पर बने पैदल पथ पर बड़ा सा गड्ढा हो गया है। जाम की वजह से बाइक सवार पैदल पथ से गुजर रहे है। जिसकी वजह से गड्ढा और बड़ा होता जा रहा है। मंगलवार को कई बाइक सवार गड्ढे में फस रहे थे। कुछ तो गिर कर चोटहिल भी हुए।




## गंगादूतों ने नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय 50 गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन पब्लिक इंटर कॉलेज मनौरी प्रयागराज में किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम में कार्यक्रम में राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाह ने नेहरू युवा केंद्र संगठन उसके कार्यो एवं युवा मंडल और गंगा के प्रदुषण और सफाई के बारे में सामूहिक चर्चा करी ' दूसरे दिवस गंगा में प्रशिक्षक नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के निदेशक कृष्ण कुमार मौर्य ने नुक्कड़ नाटक, कहानी वचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया। जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने युवाओ नमामि गंगे परियोजना मे युवाओ की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया गंगा संरक्षण हेतु की जा रही जागरूकता गतिविधियों से अवगत कराया 'गंगा के जल को निर्मल व स्वच्छ बनाने में सक्रिय भूमिका अदा कर रहे कछुए, मछलियाँ एवं अन्य जल-जीव समाप्ति की कगार पर हैं।समापन में जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा लोगों को मोक्ष दिलाने वाली गंगा जो भारत की जीवनरेखा कही जाती है आज दिन-प्रतिदिन मैली होती जा रही है और सभी को अपनी जिम्मेदारी समझ ते हुए इसका संरक्षण में योगदान देना होगा।



## सेवानिवृत्त होने पर गाजे बाजे ढोल नगाड़ों से हुआ स्वागत

**जंघई।** आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय अनुवां से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी अनुवां गांव निवासी विनोद कुमार पांडेय का विद्यालय के स्टाफ एवं ग्रामीणों तथा परिजनों ने माल्यार्पण करके स्वागत किया एवं उनके स्वस्थ्य तथा समृद्धिशाली जीवन की कामना किया। गाजे-बाजे ढ़ोल नगाड़ों से स्वागत करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दिया विद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह देकर विदा किया गया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा, चंद्रशेखर पांडेय पूर्व प्रबंधक, हृदय नारायण मिश्र, अशोक पांडेय पूर्व प्रधान, रमाकांत यादव, संतोष मिश्रा, सत्यप्रकाश उपाध्याय, यज्ञनारायण तिवारी, जितेंद्र पांडेय, आशुतोष पांडेय गुंजन, संजय पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# धनुष टूटने के बाद सीता ने राम को वरमाला पहनाई लोगों की ओर से पुष्प वर्षा के साथ श्री राम का उद्घोष भी हुआ

अखंड भारत संदेश

**करछना।** आदर्श रामलीला कमेटी ककरम के कलाकारों की ओर से दस दिवसीय रामलीला के मंचन में सोमवार रात्रि में धनुष यज्ञ रामलीला में दर्शकों की भीड़ रही । धनुष टूटते ही जय श्री राम के हुए उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान रहा । सीता का अभिनय कर रही ज्ञानस मिश्र ने राम का अभिनय कर रहे रौनक तिवारी को जय माल किया। पेटटर राजा का अभिनय विनोद कुमार मिश्र ने किया। और दर्शकों को अपनी हास्यमय कलाओं से गुदगुदाते रहे। जनक का अभिनय कर रहे अंकित मिश्र के दुखी होने पर विश्वामित्र ने राम को धनुष खंडन का आदेश दिया। वही



स्वयंवर में आए रावण का अभिनय बबलू और बाणासुर का अभिनय कर आशीष पांडेय बैरन स्वयंबर से वापस लौट गए। इसके पूर्व नारद का अभिनय कर रहे धीरज ने नारद बाणासुर को भी स्वयंवर के विषय में बताया था। विश्वामित्र का अभिनय लव कुश तिवारी की बात मानकर श्री राम ने धनुष का खंडन किया। वही धनुष खंडन के बाद परशुराम का अभिनय कर रहे मुकेश तिवारी और लक्ष्मण का अभिनय कर रहे मानस मिश्र के बीच काफी देर तक संवाद भी हुआ। वहीं भगवान श्रीराम को जय माल किया गया । और लोगों की ओर से पुष्प वर्षा की गई। इसके अलावा रोमांचक ढंग से परशुराम लक्ष्मण संवाद कलाकारों की ओर से आयोजित हुआ। रामलीला कमेटी के व्यास विनोद कुमार मिश्र पयासी कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र उपाध्यक्ष चंद्रकांत मिश्र व आशीष कुमार पांडेय महामंत्री रवि शंकर द्विवेदी कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शुक्ल निदेशक कृष्ण देव मिश्र उपनिदेशक अंकित मिश्रा व्यवस्थापक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित कुमार मिश्र व दीपक पांडेय ने दर्शकों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर अरविंद कोटार्य लवकुश धीरज बबलू अनिल विश्वकर्मा मिश्रीलाल सोनकर जीत लाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रभु प्रेम की तल्लीनता में पाप का स्पर्श नहीं होता है - विशुद्धानन्द

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के चंदौहां गांव में संगीतमय चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास डॉक्टर विशुद्धानन्द ब्रह्मचारी जी महराज ने ध्रुव चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र की कथा के पश्चात नारायण अवतारी बामन देव की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु को भी चाहिए कि अपने शिष्य को सदमार्ग की ओर ले जाए अन्यथा एक दिन ऐसा आएगा कि शिष्य को अपूर्ण ज्ञान होने पर गुरु सामाजिक दृष्टि से निंदा का पात्र होगा।

कथा व्यास ने ध्रुव की कथा का बखान सुनाते हुए कहा ध्रुव अटल सत्य प्रभु को दर्शन देने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा भक्त पहलाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे इसके साथ वह राक्षस राज हिरण्य कश्यप के पुत्र भी थे परन्तु प्रहलाद की त्याग तपस्या श्री हरि के चरणों में भक्ति भावना को देखते हुए राक्षस हिरण्य कश्यप आए दिन प्रहलाद को श्री हरि भजन करने से रोका करता था एक दिन क्रोध में आकर प्रहलाद पर जैसे ही तलवार



उठाया त्यों ही श्री हरि खंभे में श्री नरसिंह भगवान के रूप में प्रकट होकर हिरण्य कश्यप का उदर फाड़कर बध करते हुए उसका उद्धार किया। रोचक कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा अगर मनुष्य ईश्वर प्रेम त्याग तपस्या की आनंद में तल्लीन हो जाता है तो उसके पास पाप भी स्पर्श नहीं हो पाता। हर माता-पिता का दायित्व है कि अपने बच्चे को ध्रुव एवं प्रहलाद जैसे संस्कारवान बनाते हुए शिक्षा दीक्षा संस्कृत के साथ प्रभु भक्ति में भी लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संकल्प आपके सिद्ध हो तो साधन मायने नही रखता। जिस प्रकार दो पग में बामन भगवान ने राजा बलि का पूरा साम्राज्य माप लिया। राजा बलि ने तीसरा पैर अपने सर पर रखने को बोला उनके इस संकल्प पर अड़े रहने से सुतल लोक का राजा बना दिया। संकल्प में आप प्रभु के प्रति जो समर्पित करेंगे प्रभु उससे कहीं अधिक देंगे साथ में कष्ट, दुख तथा पाप का निवारण भी करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के रसपान से मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग सुगम होता है। इसके साथ साथ घर में सुख शांति के अतिरिक्त समृद्धि तथा परिजनों पर प्रभु की छाया निरंतर बनी रहेगी। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान पंडित यज्ञ नारायण द्विवेदी एवं श्रीमती जयन्ती द्विवेदी ने व्यासपीठ एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजक एवं व्यवस्थापक रमेश कुमार द्विवेदी, सत्यनारायण द्विवेदी, सुरेश कुमार द्विवेदी, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, भाजपा नेता संजय मिश्र बनकटा, प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी, राज कुमार सिंह, अखंड प्रताप सिंह, राजेश कुमार द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, कृष्ण मोहन तिवारी, जय प्रकाश द्विवेदी सहित आदि श्रद्धालु श्रोता वक्तों ने कथा पंडाल में उपस्थित होकर आनंदित होते हुए कथा का रसपान किया।

### तेरहवी के कार्यक्रम में भोजन कुर्सी आदि तोड़ कर फेंक दिया केस दर्ज

**मऊआइमा।** तेरहवीं के कार्यक्रम में दबंगो ने घर में घुस कर भोजन नष्ट कर दिए और कुर्सियां तोड दिए तथा मारे पीटे। पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के धरौता गांव निवासनीय ऊषा देवी पत्नी उमेश चन्द्र पांडेय का आरोप है कि उनकी सास के देहांत के बाद तेरहवीं के कार्यक्रम में परिवार के ही लोग पुरानी अदावत को लेकर उसके घर में घुस कर कुर्सियां तोड दिए और भोजन आदि नष्ट कर दिए। मना करने पर उसे एंव परिजनों को मार पीट कर जख्मी कर दिए। ऊषा देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अनिल कुमार ,पुष्पा देवी ,नितिन कुमार ,रंजना देवी के खिलाफ केस दर्ज करा दी है ।



## वृद्धा आश्रम में समाज सेवी ने बांटे फल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** आधारशिला वृद्ध आश्रम नैनी प्रयागराज में वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित डॉ अनुराग श्रीवास्तव निवासी फतेहपुर जनपद अपनी मां एवं छोटी बहन के साथ सेवा कार्य हेतु वृद्ध आश्रम में उपस्थित हुए सभी वृद्ध माता पिता से संवाद स्थापित कर जानकारी प्राप्त किया जीवन के प्रति उत्साहित करते हुए कहा की अवस्था कोई भी हो स्थितियों को अनुकूल एवं सामान्य रखते हुए सकारात्मक व्यवहार एवं सोच के साथ प्रसन्न मन से जीवन का सुख प्राप्त किया जा सकता है योग की साधारण क्रियाओं को दैनिक जीवन में शामिल करते हुए अपने-अपने धर्म अनुसार कीर्तन भजन में मन लगाये जीवन का हर क्षण आनंदित हो जाएगा सभी वृद्ध माता पिता को रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली दवा निशुल्क वितरित किया तथा फल मिष्ठान देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया सभी वृद्ध माता पिता खुश होते हुए डॉक्टर साहब को पुनः वृद्धाश्रम आने हेतु आमंत्रित किया वृद्धाश्रम प्रबंधक सुशील श्रीवास्तव आभार व्यक्त करते हुए कहा की समाज हित व पर हित में स्वहित की भावना रखने वाले लोगों द्वारा ही समाज का वंचित असहाय एवं उपेक्षित वर्ग पोषित होता है इस अवसर पर राहुल मिश्रा अनुकृति श्रीवास्तव सुधीर कुमार राम अंशु आदि उपस्थित रहे

### किस्तों की बकाया राशि न अदा करने पर दो के खिलाफ फ्राड का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो लोगो ने मिलकर एक ट्रैक्टर खरीदा और कहे कि बकाया किस्त वह अदा करते रहेंगें। परन्तु किस्तों की अदायगी न करने पर ट्रैक्टर मालिक ने पिता और पुत्र के खिलाफ जालसाजी फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दिया है। प्रतापगढ़ जनपद के थाना जेठवारा के कटरागुलाब सिंह के पूरे सुखदेव का पूरा निवासी जगन्नाथ सरोज पुत्र झडी ने किस्त पर एक नया ट्रैक्टर खरीदा था। जगन्नाथ का आरोप है कि मऊआइमा के बालाडीह निवासी पिता और पुत्र ने उस का किस्त वाला ट्रेक्टर खरीद लिए और कहे कि जो ट्रैक्टर का छह लाख रुपये किस्तों का बकाया है वह हम लोग अदा कर देगें। जगन्नाथ का आरोप है कि कई माह गुजरने के बाद कोई किस्त न जमा करने पर जगन्नाथ के नाम बैंक की नोटिस आने लगी। वह पिता और पुत्र से कहते कहते थक गया। परन्तु किस्तों की अदायगी नहीं किया गया। जगन्नाथ सरोज ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर बालाडीह निवासी अमरजीत और उनके पुत्र कुल्लू के खिलाफ जालसाजी फ्राड का मुकदमा मऊआइमा थाने में दर्ज करा दिया है।

# देव दीपावली पर्व के अवसर पर 11 लाख दीपों से जगमग होंगे संगम सहित अन्य घाट : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में 07 नवम्बर, 2022 को देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। देव दीपावली पर्व के अवसर पर 11 लाख दीपों से संगम सहित अन्य घाटों को सजाया जायेगा। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य लोगो को भी कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। दीपों को अच्छे एवं व्यवस्थित ढंग से जलाने के लिए सेक्टर वार व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये



देव दीपावली के उपलक्ष में बैठक करते जिलाधिकारी।

जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने मार्गों पर साइनेज तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि देव दीपावली पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल संगम क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को देव दीपावली पर्व पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने, नगर निगम को साफ-सफाई एवं पानी के टैंकर, मोबाइल ट्वायलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। विकास प्राधिकरण के द्वारा सभी चैराहों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी घाटों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट एवं सैण्ड आर्टस आदि की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने शास्त्री ब्रिज एवं नए यमुना ब्रिज पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को देव दीपावली पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने हेतु सौंपे गये दायित्वों को पूर्ण मनोयोग के साथ सम्पादित किए जाने के लिए कहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने देव दीपावली पर्व के अवसर पर पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक नगर को कहा है। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ-साथ अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की भी व्यवस्था करने के लिए कहा है। इस अवसर पर नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, सभी अपर जिलाधिकारीगण, पुलिस अधीक्षक नगर, एस0डी0एम0 मेला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्युत भंडार में लगी भयानक आग, घंटों की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** क्षेत्र के टीएसएल पावर हाउस के बगल स्थित नैनी विद्युत भंडार में ट्रांसफार्मरों की मरम्मत के दौरान सोमवार को निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल आग का रूप ले लिया। जिससे वहां रखे ट्रांसफार्मर और उससे संबंधित सामग्री धू धू कर जलने लगे। यह देख वहां मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दी गई। इसके बाद पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। भयानक आग को देखते हुए आसपास के इलाके से 10 दमकल गाड़ियां को बुला लिया गया और लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।हालांकि अभी भी मौके से निकलता धुंआ दूर से ही देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार नैनी विद्युत भंडार में स्थित वर्कशॉप



में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के द्वारा ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का काम प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से कराया जाता है।जिसमें सुरक्षा मानकों के प्रति लापरवाही बरती जाती है। सुबह हो रहे मरम्मत कार्य के दौरान निकली चिंगारी ने पास रखें ज्वलनशील पदार्थ में आग लगने से वहां मौजूद ट्रांसफार्मर और अन्य चीजें धू-धू कर जलने लगी पहले तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग फैलती ही गई सूचना मिलने पर वहां मौजूद अधिकारी पहुंच भी पहुंच गए उन्होंने इसकी सूचना प्रशासन को दी सूचना मिलते ही नैनी पुलिस, सीओ करछना और क्षेत्रीय फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंच गई। इसके पहले भी यह आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। इस संबंध में भंडारण के वर्कशॉप में नियुक्त एसडीओ आरके वर्मा ने बताया की घटना से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# प्रधान संघ लीडर को धमकी

## बलवा,घर में घुस कर हमला की रपट दर्ज,गिरफ्तारी की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संगठन मंत्री एवं ग्राम प्रधान उलदा ब्लॉक कोराव दिलीप सोनी पर गत दिवस हुए हमले की रपट थाना पुलिस कोरांव ने दर्ज कर ली है। उल्लेखनीय है कि प्रधान दिलीप कुमार सोनी पर घर में घुस कर गत दिवस प्राण घातक हमला करने वाले आधा दर्जन लोगों पर कोरांव कोतवाली में मुकद्दमा अपराध संख्या 472/22 धारा 147, 148,323,504,506,452,आईपीसी में प्रथिमिकी दर्ज कराई गई है। समाचार लिखे जाने तक गिरफ्तारी नहीं हुई थी। प्रधान संगठन ने एसएसपी प्रयागराज और डीएम से अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग



दिलीप सोनी।

की है।इसी प्रकार प्रधान संगठन के प्रयागराज मंडल के मंत्री प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे को मरवाने एवम बर्बाद करने के लिए इलाके के कुछ असमाजिक तत्व एवं भू तथा खनन माफियाओं ने चंदा एकत्रित कर कुछ लोगों को सुपारी दी है। कुछ लोगों के विरुद्ध प्रथिमिकी दर्ज हुई है। और रंगदारी भी मांगी गई है,जिसकी प्राथिमिकी संबंधित थाने में दर्ज हुई है। कुछ लोगों ने मध्य प्रदेश में भी जान से मारने की कोशिश की और कराई गई है। प्रधान संगठन ने एमएलसी चुनाव में अपना समर्थन देने के बाद विजय हासिल होने के कारण एमएलसी इलाहाबाद कौशांबी तथा क्षेत्रीय विधायक,सांसद,प्रयागराज से ग्राम प्रधानों के उत्पीरन शोषण के मामलों में आवश्यक कदम उठाने जिला पुलिस तथा जिला प्रशासन को त्वरित एक्शन लिए जाने की मांग की है। अन्यथा संगठन डीएम और मंडलायुक्त और जिला पंचायत अध्यक्ष कार्यालय पर प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

# सड़क चौड़ीकरण के नाम पर किसानों का हो रहा शोषण: पिंटू चौबे

## जिला पंचायत द्वारा नगर में दशकों से काबिज लोगो को नोटिस देना अन्यायपूर्ण: राजेश पांडे

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों द्वारा दिन मंगलवार को तहसील प्रांगण कोरांव में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 10 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी कोरांव को सौंपा गया इस मौके पर किसान नेता पिंटू चौबे भारतीय किसान यूनियन भानु युवा जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार से शासन द्वारा कोहड़ार से ड्रमंडगंज मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर मनमानी पूर्ण ढंग से किसानों की भूमि को सरकारी संपत्ति बता कर अधिग्रहित किया जा रहा है वह निंदनीय है इसी प्रकार किसान सम्मान निधि में राजस्व कर्मियों के हीलाहवाली और मनमानी के कारण

ज्ञापन एसडीएम कोरांव को देते पिंटू चौबे आदि किसान यूनियन भानू के तथा कसबें के लोग



ज्ञापन सौपते पदाधिकारिगण।

किसानों को उनकी राशि शासन द्वारा निर्गत नही की जा रही है एवम अंगद की पांव की तरह दशकों से जमे खाद्य विभाग में भ्रष्ट कर्मचारी विष्णु सिंह का स्थानांतरण किया जाए उक्त मांगो को यदि शासन द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया तो भारतीय किसान यूनियन भानु सड़क पर उतरने को बाध्य होगी।

इसी क्रम में चर्चित किसान नेता राजेश पांडे युवा मंडल उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु ने कहा कि कई दशकों से लगातार कब्जा दखल चले आ रहे हैं नगर पंचायत कोरांव के सैकड़ों भू स्वामियों की भूमि को जिला पंचायत प्रयागराज द्वारा अपनी भूमि बता कर जगह जगह बोर्ड लगाने एवं नोटिस दिए जाने की कार्यवाही किया जाना सरासर अन्याय है और किसी भी हाल में स्थानीय लोगों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।किसान नेता प्रकाश पटेल ने कहा कि हॉट शाखा समेत अन्यत्र केंद्रों पर खरीद की लक्ष्य बढ़ाया जाए और सत्यापन में किसानों को असुविधा ना हो इसके लिए शासन को विशेष व्यवस्था करनी चाहिए। रविंद्र कुमार जैसल प्रधान ब्लाक अध्यक्ष मेजा ने कहा की जिस तरह से किसान अपने उपज के लागत प्राप्त करने के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर रहता है जिसके कारण किसान दिन प्रतिदिन कर्ज में डूबता चला जा रहा है जिसके चलते आए दिन किसानों द्वारा आत्महत्या की खबर अखबारों की सुर्खियां बनती है यह जिम्मेदारों के लिए शर्म की बात है।उक्त मौके पर मुख्य रूप से धर्मराज पटेल अमित पांडे पुष्पराज शुक्ला मेहताब खान केवलकांत धयकार छोटे आदिवासी मंगला कोल कामता यादव पूर्व प्रधान हरी प्रसाद द्विवेदी शंभूनाथ शुक्ला पप्पू शुक्ला नीरज सिंह कमलेश मिश्रा आद्या प्रसाद शुक्ल राम जनक मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

# आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा जरूरी: निराला

## आल ओवर चैंपियनशिप मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के नाम

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** सच्ची लगन और प्रतिस्पर्धा हमें कुछ अच्छा कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। खिलाड़ियों में एक दूसरे से आगे निकल जाने में यह प्रतिस्पर्धा और भी अधिक परिश्रम करने में उर्जा देती है। अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी स्थान पाने वाले खिलाड़ियों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

यह बातें स्थानीय मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि प्रधानाचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने कही। विजेता बच्चों को मेडल और पुरस्कार प्रदान करते हुए आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर ने कहा कि जो भी हुनरमंद प्रतियोगिता



दो दिवसीय संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन।

में विजेताओं से कुछ पीछे रह गए और दूसरे तीसरे स्थान पर रहे,ऐसे खिलाड़ियों को सच्चे मन से और बेहतर करने के लिए प्रयास करते रहनी चाहिए। उन्होंने दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय में पधारे अतिथियों,खेल प्रेमियों और प्रतिभागी बच्चों के साथ-साथ उनके प्रशिक्षकों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। प्रतियोगिता की आल ओवर चैंपियनशिप मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना के नाम रही।

समापन समारोह में आमंत्रित चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने अपनी हास्य कविताओं द्वारा भी लोगों को खूब गुदगुदाया। प्रधानाचार्य द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।शिवीओझा और सखियों द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना और स्वागत गीत के उपरांत शुरू हुए समापन समारोह की अध्यक्षता सुभाष चंद्र इंटर कॉलेज छीतूपुर के प्रधानाचार्य ओपी मिश्र और संचालन लालचन्द्र पांडेय ने किया।मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार तिवारी,संजीव तिवारी,केपी तिवारी ने क्रमशः विजेता और उपविजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक के रूप में बुलंद प्रताप राय, मनीष अग्रवाल,राजन द्विवेदी, महेंद्र प्रसाद,कमलेश कुमार, क्षितिज तिवारी,सुनील शुक्ला, राजेश यादव का सराहनीय योगदान रहा।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,कई विद्यालयों के खेल प्रशिक्षक, प्रतिभागी बालक,बालिकाएंऔर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## चंपापुर-हरीपुरपट्टी-जलालपुर मार्ग जीर्ण-शीर्ण आवागमन बाधित

**जंघई/प्रतापपुर।** क्षेत्र की दर्जनों सड़कें मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी नहीं बन रही है।जिसके कारण सड़क पर आवागमन करने वाले आम नागरिकों, छात्रों, वकीलों, व्यापारियों मे आक्रोश है क्योंकि ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नजर नही आ रहा है।चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर तथा रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा,महरछा-जंघई- प्रयागपुर आदि सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। लेकिन इनका नवीनीकरण या मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है इन सड़को पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद करीब बीस वर्षो से इनकी मरम्मत नही हुई है।

# भगेसर गांव में यूको बैंक द्वारा किया गया जागरूकता शिविर आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** तहसील क्षेत्र कोरांव के भगेसर गांव में यूको बैंक कर्मियों के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित बैंक कर्मियों ने बैंक में संचालित होने वाली योजनाओं की विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी दी गई ।वही प्रधानमंत्री कन्या सुमंगला योजना अटल पेंशन योजना समेत कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है कौन-कौन लोग पात्र हैं आदि के बारे में भी जानकारी ग्रामीणों को दी। इस दौरान यूको बैंक शाखा कोरांव के प्रबंधक आलोक जैन ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा बैंक मे जिन भी सरकारी योजनाओं का लाभ



शिविर में भाग लेते लोग।

मिल रहा है वह नियमानुसार आवेदन कर बैंक कर्मियों से संपर्क करके ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का वास्तविक रूप से धरातल पर फलीभूत हो सके। उन्होंने कहा कि गांव में बसे गरीब लोगो के लिए नरेंद्र मोदी की सरकार कई योजनाएं चला रखी है जिससे पात्र व पिछड़े लोग नहीं जान पाते हैं। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए कैंप शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिससे सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को मिले और सीधा लाभ बैक प्राप्त कर सके। जागरूकता शिविर का अध्यक्षता पूर्व प्रधान कृष्ण देव मिश्र व संचालन अशोक कुमार ने किया इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से योगेश पांडे कोमल पांडे खुर्शीद आलम अशोक कुमार शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली का किया गया अनन्तिम प्रकाशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(नगरीय निकाय) ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जनपद प्रयागराज में नगर निगम/समस्त नगर पंचायतों के मतदाताओं को सूचित किया है कि जनपद के नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली का अनन्तिम प्रकाशन दिनांक 31.10.2022 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, नगर निगम/समस्त नगर पंचायतों के कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय), प्रयागराज एवं समस्त मतदान केन्द्रों पर कर दिया गया है। निर्वाचक नामावली दिनांक 01.11.2022 से 07.11.2022 तक निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपरोक्त स्थानों पर उपलब्ध रहेगी तथा उक्त तिथियों में दावे/आपत्तियां भी प्राप्त की जाएंगी।

निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने, संशोधन किये जाने एवं किसी नाम पर आपत्ति के लिए निर्धारित प्रपत्रों पर दावे/आपत्तियाँ दी जायेंगी। उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किसी नाम के आपत्ति के लिए निर्धारित प्रपत्र दो प्रतियों में दिया जायेगा। दावे/आपत्तियों के लिए निर्धारित प्रपत्रों को भरकर मतदान स्थलों पर नियुक्त बी0एल0ओ0, नगर निगम/नगर पंचायत कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय पर निर्वाचक नामावली का निरीक्षण कराये जाने हेतु नियुक्त कर्मचारी को दिया जा सकता है।

## पिरामिड बनाकर छात्राओं नें दिया एकता एवम अखण्डता का सन्देश

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कालेज जसरा मे सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जयंती को अखण्डता दिवस के रूप मनाया गया। इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन, व्यक्तित्व एवम उनके कार्यो के विषय मे छात्राओं को जानकारी प्रदान किया गया।कार्यक्रम मे वर्चुवल माध्यम से विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता शर्मा नें छात्राओं को सरदार वल्लभ भाई पटेल जी से जुड़ी अनेकों रोचक जानकारियां प्रदान की ।इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रनेता अभिषेक सिंह पटेल नें कहा कि देश के छिन्न भिन्न रियासतों के एकीकरण मे सरदार पटेल जी का अविस्मरणीय योगदान रहा है उनके सूझबूझ एवम कुशलता के बल पर ही 562से अधिक रियासतों को एक करके देश को एकता एवम अखण्डता के सूत्र मे बाँधा गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता के साथ रैली निकालकर ग्रामीणों को संचारी रोग मलेरिया, डेंगू इत्यादि के विषय मे जागरूक किया गया।कार्यक्रम के समापन मे पिरामिड बनाकर छात्राओं नें देश मे एकता एवम अखण्डता के प्रति जागरूक किया। गीता पाण्डेय, रीना यादव, शगुफ्ता जमाल, फौजिया नसरीन, गीतांजलि, रेखारानी, कीर्ति अवस्थी, सुनीता मालवीया , नीता त्रिपाठी, नीलम गुप्ता आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



# फिर साबित करेंगे अपने को पीएम ऋषि सुनक : प्रेम शंकर सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** विश्व के विभिन्न राष्ट्रों में भारतवंशियों ने अपनी काबिलियत का परचम फहराया है।भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम शंकर सिंह ने कहा कि ब्रिटेन के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने पूर्व में भी अपने को साबित किया है और आगे भी वह अपने देश को आर्थिक झंझावात से बाहर निकाल लेंगे। भाजपा नेता ने वैश्विक पटल पर राष्ट्र की गरिमा और उसके बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि देश के ऊजार्वान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी नीतियों और कार्यशैली के बूते देश का मान बढ़ाया है।

उन्होंने सनातन संस्कृति की गरिमा का पूरी दुनिया को बोध कराया है। भारत को एक बार विश्व गुरु बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को मोदी जी ने गति दी है। दुनिया के विकसित देशों में भारतवंशियों की दखल और उनके काबिलियत के बूते उन्होंने पहले भी देश को मंदी से उबारा उनकी कार्यशैली को सनातन संस्कार से मिलती है ऊर्जायोगदान पर सबकी नजर है। प्रधानमंत्री प्रत्येक मंच से इस उपलब्धि की खुलकर चर्चा और गर्व करते हैं। श्री सिंह ने कहा यह बदलते और सशक्त भारत का अहम पहलू है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को भी भारतवंशियों की उसी सूची में शामिल किया गया है, जिनकी वजह से देश का मान बढ़ा है। सनातन धर्म में आस्था और विस्वास जताने वाले सुनक ने देश की वेपटरी हो चुकी आर्थिक व्यवस्था को नए सिरे से व्यवस्थित करने को चुनौती के रूप में स्वीकार किया है। भारत देश के करोड़ों लोगों को विस्वास है कि वह फिर अपने को साबित करेंगे।



# अमिलिया तरहार में तैनात किये गए डॉ पुनीत

## ग्रामीणों ने सांसद, विधायक तथा सीएमओ के प्रति जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के अंतर्गत राजकीय महिला अस्पताल अमिलिया तरहार में डॉ पुनीत कुमार तैनात हुए और फार्मासिस्ट भी भेजें गए। ज्ञातव्य हो कि लालापुर क्षेत्र के महिला चिकित्सालय में निर्माण के समय से ही चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हो सकी थी। कई वर्षों से चिकित्सालय बन कर तैयार था,किंतु डाक्टर की नियुक्ति न होने के कारण अस्पताल बंद था।ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित थे। इस मामले में भाजपा नेता व पूर्व जिला मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी ने सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी और विधायक डॉ वाचस्पति को समस्या के बारे में कई बार अवगत कराया। सांसद और विधायक के अथक प्रयास से सीएमओ प्रयागराज डॉ नानक शरण ने अमिलिया तरहार में डॉक्टर की तत्काल नियुक्त कर दी गई है। डॉक्टर नियुक्त किए जाने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है,ग्रामीणों ने सांसद व विधायक तथा सीएमओ के प्रति आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है।

डॉक्टर तैनाती की खबर सुनते ही भाजपा नेता दिनेश तिवारी, प्रधान अमिलिया तरहार देवेंद्र उपाध्याय, बीडीसी सुमन शुक्ला,प्रधान शंकर लाल पाण्डेय,प्रधान सूरज शुक्ला, प्रधान रमा देवी,वीरेंद्र पाण्डेय,गोविंद देव पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय, शेष मणि द्विवेदी, मनोज शुक्ला, पुष्पा देवी, सावित्री देवी निषाद, सरोज भारतीया, चंद्रकली शुक्ला, प्रधान राजू पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय आदि ने आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मार्ग दुर्घटना में घायल की मदद में आगे आए जनताः एसपी

## यातायात माह का एसपी ने किया उद्घाटन



फीता काटकर उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** यातायात माह नवम्बर का पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद कहा कि मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें समीप के अस्पताल में पहुंचाने में आम लोगों की सहभागिता जरुरी है।

उन्होंने कहा कि प्रायः देखा जाता है कि दुर्घटना के बाद लोग मूकदर्षक बनकर खडे.रहते हैं। ऐसे लोगों से उन्होंने अपील किया कि घायलों की मदद में वे आगे आएं। पुलिस अधीक्षक मंगलवार को पूर्वान्ह साढे. ग्यारह बजे नगर के राजापाल चैराहे पर यातायात माह का उद्घाटन करते हुए कहा कि लोगों के सहयोग से दुर्घटना में घायल की जान बच सकती है। इसके लिये जनता में जागरुकता जरुरी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार अधिक वर्षा होने से सड़क के किनारे झाड़-खंखाड़ उग गये हैं, इससे भी दुर्घटना की आषंका बनी रहती है। इन झाड़ खंखाड़ों को भी साफ करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान रवि मिश्र ने एसपी के लिये स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चिकित्सक अजय कुमार सिंह ने दुर्घटना में सावधानी बरतने तथा हेलमेट लगाने पर जोर दिया। यातायात प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि यातायात माह में वाहन चेकिंग का अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्या सागर मिश्र, पष्चिमी एएसपी रोहित मिश्र, सीओ सिटी सुबोध गौतम, आरटीओ दिलीप गुप्ता तथा ट्रक यूनियन एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने यातायात के नियमों के पम्पलेट भी बांटे जिसमें यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट लगाने, दो पहियों पर दो से अधिक लोगों को न बैठाने तथा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट बांधने की अपील की गई है। इसकी चेकिंग जिले भर में चलाई जाएगी।

## सांख्यिकी अधिकारी बने आशीष सिंह, जताई गयी खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इलाके के असांव गांव निवासी आशीष सिंह उर्फ ऋषभ पुत्र रमेश सिंह का चयन जूनियर सांख्यिकी अधिकारी के पद पर हुआ है। आशीष के चयन से परिजनों व क्षेत्र के लोगों मे खुशी है। स्वजन ने बताया कि सीजीएल परीक्षा का परिणाम बीते सोमवार को आया। जिसमे ऋषभ का चयन हुआ। ऋषभ ने कक्षा आठ तक की शिक्षा लक्ष्मी बाल विद्या निकेतन असांव सांगीपुर तथा इसके आगे की पढाई प्रयागराज में किया। ऋषभ ने अपनी सफलता का श्रेय पिता रमेश सिंह माता कुसुम सिंह व गुरूजनों को दिया है। मेधावी की सफलता पर सुरेश सिंह, मनोज त्रिपाठी, बीएल पाण्डेय, राजू सिंह, राजा मिश्रा, आनन्द त्रिपाठी, मनीष शुक्ल, विवेक मिश्र, छोटू तिवारी, प्रधान उदयराज वर्मा, रामआसरे वर्मा आदि ने खुशी जतायी है।

# सुलह समझौते के आधार पर पारिवारिक मुकदमों का हो निपटाराः प्रधान न्यायाधीश



राष्ट्रीय लोक अदालत सम्बन्धी बैठक में मौजूद अतिथिगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या के द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 नवम्बर 2022 के सम्बन्ध में प्री0 ट्रायल बैठक की गयी।

बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि इसमें पक्षकरों को शीघ्र न्याय मिल जाता है और उनको बेवजह कचेहरी के चक्कर नहीं काटने पड़ते, इसमें धन और समय की बचत होती है। आपसी सुलह समझौते से पक्षकारों के बीच उत्पन्न मतभेद व विवाद हमेशा के लिये समाप्त हो जाता है। बैठक का संयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव प्रदीप कुमार शुक्ला द्वारा की गयी। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण, मध्यस्थगण आदि उपस्थित रहे।

# कप्तान की निगरानी के बावजूद लुटेरों का नही लग सका पता

## पांच दिन पूर्व हुई थी पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट

### चोरी पर चोरी की घटनाओं पर विराम लगाने में असक्षम पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कप्तान की निगरानी के बावजूद पांच दिन पूर्व हुई पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट की घटना में अभी तक पुलिस को कोई कामयाबी नहीं मिल सकी है।यही नहीं क्षेत्र में पांच माह में हुई दर्जनों चोरी की घटनाओं में भी पुलिस खुलासा करने में नाकाम रही है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र स्थिति इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप रायपुर तियाई के मैनेजर प्रभात मिश्र 28 अक्टूबर को लगभग 11 बजे दो लाख साठ हजार बैग में लेकर रानीगंज कैथौला स्थिति स्टेट बैंक में जमा करने जा रहा था। लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर स्थिति अर्जुनपुर गांव के पास बाइक सवार बदमाशो ने रुपए से भरा बैग लूट कर फरार हो गए थे। एसपी,एएसपी समेत सीओ ने घटना स्थल पर पहुंच कर जल्द ही खुलासा करने के लिए कई टीमें गठित की,लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ कोई भी बदमाश नही लग सका है। यही नहीं चोरों ने 29 अक्टूबर को सांगीपुर क्षेत्र के पूरे रूप पहाड़पुर में बृजेश वर्मा के साथ ही लालगंज के पूरे हरिकिशन में आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।उससे पहले 3 जून को रानीगंज कैथौला के इटाहा में फौजी समेत दो घरों में लाखो की चोरी के बाद 31 जुलाई को बेलहा व रामपुर में लगभग आधा दर्जन घर समेत दुकानों को निशाना बनाया था। 20 अगस्त को अगई स्थिति पेट्रोल पर लूट के साथ ही 23 अगस्त को नगर स्थिति चकौडिया में लेखपाल समेत दो घरों में लाखो की चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। 24 अगस्त को मेंढावा में अधिवक्ता सतेश सिंह के साथ ही 28 अगस्त को रानीगंज कैथौला के बभनपुर में अमरजीत वर्मा के घर से हजारों की पिपरमेंट का तेल समेत जेवर उठा ले गए थे। वही एक भी घटना खुलासा न करने वाली पुलिस अब चोरी पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चोरों के सामने विवश सी दिखने लगी है।



परियावां में दवा का छिड़काव करते कर्मचारी।

## डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए दवा का छिड़काव हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर खण्ड विकास अधिकारी जी डी शुक्ला के निर्देश पर कालाकांकर सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला आदेश ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य व ग्राम प्रधान परियावां अनिल कुमार मौर्य ने सोमवार की शाम को अंधेरे में डेंगू मलेरिया जैसी गम्भीर बीमारी से बचने के लिए ई-रिक्शा पर मशीन को रखकर ग्राम पंचायत के सभी पुरवा व बाजार में दवा का छिड़काव कराया, जिससे ग्रामीणों को मच्छरों के साथ बीमारी से थोड़ी बहुत राहत मिली। ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान ने ग्रामवासियो से अपने घरों के पास साफ सफाई के साथ गंदा पानी जमा न होने की अपील किया और कहा कि यदि किसी को बुखार आ जाय तो तुरन्त स्थानीय सरकारी अस्पताल कालाकांकर में चिकित्सक को दिखाए बीमारी को न छुपाए जरा सी लापरवाही परिवार को मुसीबत में ला सकती है।

# 13वीं राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में पदक जीतकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का गौरव

## प्रबुद्धजनों ने ट्रेन से उतरने पर किया उनका सम्मान



पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान करते प्रबुद्धजन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वारडोली गुजरात में आयोजित 13वीं अंतरराष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में कुसमी प्रतापगढ़ की बेटी कीर्ति यादव ने 50 से 60 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इसके पूर्व भी कीर्ति यादव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अनेक पदक जीते हैं। इसी क्रम में प्रतियोगिता में अमोल सरोज ने 25 से 30 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया। अमोल सरोज नगर के स्टेट बैंक के निकट रहने वाले है। वह नर्सिंग होम में कार्यरत पिता के बेटे है। इन बच्चों के कोच अजीमुद्दीन जी को भी बधाई दी गई।

आज उक्त खिलाड़ी जब अर्चना एक्सप्रेस से स्टेशन पर पहुंचे तो साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न, एलायंस क्लब इंटरनेशनल के निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य, शिक्षाविद् राकेश कनौजिया, पूर्व प्रधानाचार्य बहन लीलावती सरोज, समाजसेवी बसंत लाल मौर्य, विवेक यादव ने उनको अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सृजना साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि सामान्य परिवार की कीर्ति यादव और अमोल सरोज ने कठिन परिश्रम और लगन से स्वर्ण पदक और रजत पदक जीता है। यह प्रेरक उदाहरण है। एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निर्देशक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि इन बच्चों को अभी और बुलंदी पर जाना है यह बहुत प्रतिभाशाली हैं। समन्वयक सेवा संस्था शिक्षाविद् राकेश कनौजिया ने कहा कि प्रतिभाएं अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेती हैं। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा तथा पूर्व प्रधानाचार्य लीलावती सरोज ने बच्चों की पीठ थपथपा कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर कुसुम लता यादव, जागृति तिवारी, ओसमा, निशांत मौर्य, विवेक यादव, राजा तोमर आदि रहे।

# बल्लभभाई पटेल ने किया था अखण्ड भारत का निमार्णः पटेल

## अपना दल ने जयंती पर आयोजित किये कार्यक्रम



बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अद पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपना दल एस के तत्वावधान में संस्कार गार्डन में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहर लाल पटेल ने कहा कि सरदार बल्लभ पटेल एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया।

उन्होंने कहा कि वे एक सच्चे योद्धा थे जो कठिन से कठिन फैसले लेने में सक्षम थे। देश की परिस्थितियों को भली-भांति समझने वाले एक ऐसे वैज्ञानिक थे जिन्हें आज पूरा देश याद कर रहा है। अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने भारत के उत्थान और एकता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया ऐसे महापुरुष को शत शत नमन है। विश्वनाथगंज के विधायक जीत लाल पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ऐसे योद्धा और जननायक थे जो अपने देश के लिए पूरा जीवन समर्पित दिया। इस मौके पर अपना दल यस कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल, मिथिलेश सिंह पटेल, कुशाग्र श्रीवास्तव, परमानंद मिश्र, लख्खू चैधरी, जितेन्द्र पटेल, राजकुमार पटेल, विजय सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारपीट व धमकी को लेकर ग्यारह लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर उदयपुर पुलिस ने ग्यारह लोगों के खिलाफ मारपीट गालीगलौज व धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। अमेठी जिले के गौरीगंज थाना अर्न्तगत पठानपुर निवासी अहमद रजा पुत्र मुंशीरजा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सोमवार की शाम लगभग साढे सात बजे उदयपुर थाना क्षेत्र के कन्हई पाण्डेय का पुरवा ननौती गांव में उसकी धान की मशीन से किराये पर कटाई का कार्य चल रहा था। इसी बीच रायबरेली जिले के सिसनी भुआलपुर नसीराबाद निवासी दीपू तिवारी पुत्र बलदेव तिवारी अपने साथ दस अज्ञात लोगों को लेकर वहां आ धमके। आरोपीगण पीडित को गाली देने लगे और धान की मशीन को वहां से लेकर चले जाने की बात कहने लगे। पीडित के मना करने पर आरोपियो ने एकराय होकर उसे लाठी डंडे से मारापीटा व जानलेवा धमकी भी दी। मामले में पीडित की तहरीर पर पुलिस ने दीपू समेत ग्यारह लोगों के खिलाफ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

# बिना इंचार्ज के चल रहा ब्लड बैंक मरीजों के साथ खिलवाड़

## पांच साल से ब्लड बैंक का चार्ज किसी को नहीं दिया गया

### नवीनीकरण और गड़बड़ी के भय से कोई नहीं ले रहा चार्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कालेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल का ब्लड बैंक फर्जी तरीके से संचालित हो रहा है। अब एक नई चैकाने वाली बात चली है। वह यह है कि आधिकारिक रूप से इसका चार्ज भी किसी के पास नहीं है। पिछले पांच वर्षो से यह बिना किसी इंचार्ज के यानी लावारिश चल रहा है। मरीजों को ब्लड देते समय फार्म पर इंचार्ज के हस्ताक्षर होते हैं। जब कोई इंचार्ज नहीं है तो ब्लड किसकी अनुमति/ सहमति से दिया जा रहा है। यह बात गौर करने वाली है कि ब्लड से अगर किसी मरीज को कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

2017 तक वर्तमान सीएमएस डॉ सुरेश सिंह के पास ब्लड बैंक का चार्ज था। उनके सीएमएस बनने के बाद यह पद खाली हो गया। उसके बाद किसी को भी ब्लड बैंक की जिम्मेदारी देने की जरूरत नहीं समझी गई। तब से यह लावारिश ही है। सूत्रों का कहना है कि इस बीच कई डाक्टरों के गले में ब्लड बैंक की चाभी पहनाने की कोशिश हुई। लेकिन कोई तैयार नहीं हुआ। बिना इंचार्ज के चल रहे ब्लड बैंक से दिए जा रहे ब्लड को सही कैसे माना जा सकता है। हालांकि मरीजों का जीवन बचाने के लिए यहां का स्टाफ यह रिस्क ले रहा हैं। वह इंचार्ज के स्थान पर फार्म पर अपना हस्ताक्षर करके मरीज को ब्लड देते हैं। हालांकि अगर कोई मामला फंसता है तो यही लोग फंसेंगे भी। हालांकि कभी कभार या वीआईपी मामले में अगर सीएमएस मौजूद रहते हैं तो स्टाफ उनसे दस्तखत करवा लेता है। उनकी गैर मौजूदगी में खुद करना मजबूरी हो जाती है। इस बारे में पूछने पर मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ आर्य देशदीपक कहते हैं कि इसमें सबसे अधिक लापरवाही वहां के फार्मासिस्ट की है। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## चार लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ दलित उत्पीड़न का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने रंजिश के चलते हुई मारपीट को लेकर चार लोगों के खिलाफ मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के ज्ञानीपुर पहाडपुर निवासी जगत पासी पुत्र मिठाई लाल पासी ने मंगलवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोमवार की शाम लगभग चार बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के शुभम तिवारी व रूद्र नारायण तिवारी पुत्रगण गिरिजा शंकर तिवारी तथा रूद्र नारायण तिवारी के पुत्र शिवम तिवारी और गिरिजाशंकर तिवारी के पुत्र रमेशचंद्र तिवारी वहां आ धमके। आरोपीगण जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए पीडित से गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियो ने पीड़ित को लाठी डंडे से मारापीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ जितेन्द्र सिंह का कहना है कि घटना को लेकर जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ मारपीट व दलित उत्पीडन का मुकदमा दर्ज किया है।

# निर्माण कार्य के दौरान लगायी सरिया उठा ले गये चोर, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर के निर्माण कार्य में लगायी गयी सरिया को अज्ञात चोर निकालकर उठा ले गये। घटना को लेकर पीडित ने मंगलवार को लीलापुर थाने में तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बरदैत गांव निवासी ज्ञानेन्द्र वर्मा पुत्र स्वर्गीय शीतलदीन वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वह अपने घर से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित अपने खेत मे निर्माण कार्य करा रहे हैं जिसमें दस दस फिट के पिलर भी बने गये हैं। आरोप है कि मंगलवार की सुबह लगभग आठ बजे पीडित अपने निमार्णाधीन कार्य को देखने पहुंचा तो पिलर मे लगायी गयी सरिया गायब मिली। पीडित ने तहरीर मे कहा है कि अज्ञात चोर पिलर मे लगी लगभग पांच क्विंटल सरिया उठा ले गये। एसओ विनीत उपाध्याय का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की मौत पर तीन के खिलाफ आत्महत्या के उकसाने का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हुई मौत की घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए उकसाने समेत कई धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा नरायनपुर गांव की गुड़िया देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसके पति इकबाल कुमार पटेल का उसके सगे भाई जगन्नाथ से जमीन व मकान के बंटवारे को लेकर विवाद था। जिस पर आये दिन पीडिता के पति से भाई जगन्नाथ व जगन्नाथ की पत्नी उषा देवी तथा मां सूरसता से विवाद होता रहता था। इसे लेकर बीते तीस अक्टूबर की देर रात आरोपियो ने उसके पति के साथ गालीगलौज करते हुए मारापीटा। इससे क्षुब्ध होकर उसके पति इकबाल ने जहर खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ गालीगलौज व मारपीट व आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।

## सीएमओ ने सीएससी संग्रामगढ़ का किया औचक निरीक्षण

**परियावां, प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला ने मंगलवार को सीएससी संग्रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेबर रूम इमरजेंसी वार्ड, टेली मेडिशन एक्सरे लैब आयुष्मान कार्ड दवा वितरण का निरीक्षण किया सब कुछ ठीक ठाक मिलने पर चिकित्सको को राहत मिली। निरीक्षण के दौरान अफरा तफरी मची रही। मौके पर चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, अनिल जायसवाल, बी पी त्रिपाठी, शिप्रा, पूजा तिवारी, इंद्र भूषण, अरविंद कुमार, दिलीप कुमार संग्राम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात गो-तस्करों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गोवंश के मामले को लेकर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात पशु तस्करो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के दरोगा रोहित कुमार यादव हमराहियो के साथ सोमवार की रात करीब एक बजे गश्त पर निकले थे। उसी बीच मुखबिर से मटटन नाला मुरैनी गांव के पास पशु तस्करो द्वारा बेसहारा मवेशियो को एक पिकप पर लादे जाने की सूचना मिली। जानकारी होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू की तो पुलिस को देख पशु तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। दरोगा ने बताया कि मौके पर पिकप पर लादे गये इक्कीस गोवंश को बरामद किया गया। बरामद मवेशियो को ग्रामीणों को सुपुर्द करके पिकप वाहन को थाने पर लाया गया है। मामले में अज्ञात आरोपितो के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बेखौफ चोरों ने किराने की दुकान से उड़ाई हजारों की नकदी व सामान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेखौफ चोरों ने दुकान से हजारों की नकदी व सामान उठा ले गये। लीलापुर थाना क्षेत्र के दूधनाथ पूरनपुर खजूर निवासी संतलाल वर्मा पुत्र श्रीनाथ वर्मा की पत्नी व पुत्र बलीपुर परसन चमरूपुर शुक्लान मे किराने की दुकान चलाते है।

# दमखम के साथ नगरीय चुनाव लड़ेगी कांग्रेसःअजय राय

**मंझनपुर मुख्यालय के गेस्ट हाउस में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा समर्थकों का हुजूम**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के एक गेस्ट हाउस में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले नगरीय चुनाव में कांग्रेस पार्टी नगर पंचायत नगर पालिका परिषद और नगर निकाय के चुनाव में वार्ड से लेकर अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी उतारेगी और नगरीय चुनाव को दमखम के साथ लड़ेगी इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित



मंच पर उपस्थित कांग्रेसी नेता।

करते हुए अजय राय ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई भ्रष्टाचार अपराध अत्याचार से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है लेकिन सरकार अपराध अत्याचार भ्रष्टाचार और महंगाई रोकने में फेल हो चुकी है उन्होंने कहा कि गुजरात में पुल हादसा इसका जीता जागता उदाहरण है गुजरात हादसे में मृतक लोगों की आत्मा की शांति के कामना के लिए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 2 मिनट का मौन रखा गया इस मौके पर आदेश सिंहशमीम अहमद पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी जितेंद्र शर्मा तमजीद अहमद विष्णु सोनी आशीष कुमार उर्फ पप्पू मिश्रा रजनीश पांडेय देवेश श्रीवास्तव एडवोकेट मिसबाहउल ऐन रवि प्रकाश रावेन्द्र हेमंत रावत सहित तमाम कांग्रेसी नेता मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरूआत में अजय राय को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है बहुजन समाज पार्टी छोड़कर सोनू भारती प्रेमचंद सहित कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है

## अनुपस्थिति पाए गए चिकित्सकों के वेतन रोकने के सीडीओ ने दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी ने सोमवार को विकास खण्ड मूरतगंज के अधिकारियों के आवासीय स्थलों का निरीक्षण किया सीडीओ के निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज के कार्यालय में ताला बंद था जिस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है पशु चिकित्सा अधिकारी भरवारी राहुल कुमार दुबे उपस्थित मिले लेकिन पशु चिकित्सा अधिकारी मूरतगंज सुनील कुमार सिंह तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूरतगंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार सिंह डॉ राहुल अनुपस्थित पाये गये। जानकारी करने पर पाया गया कि इन लोगों ने अभी तक यहां आवास नही बनाया है और प्रयागराज से आवागमन कर रहे हैं। अनुपस्थिति पाए गए चिकित्सकों के एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश सीडीओ ने संबंधित विभाग के जिलास्तरीय अधिकारियों को दिया है

## यातायात माह का आईजी जोन और डीएम ने किया शुभारंभ

**जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में यातायात माह का शुभारंभ मंझनपुर चौराहे पर आईजी जोन प्रयागराज डाक्टर राकेश सिंह एवम डीएम सुजीत कुमार ने फीता काटकर किया।इस दौरान आईजी जोन और डीएम ने आयोजित यातायात रैली का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। और उपस्थित लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सावधानी से वाहन चलाने का सुझाव दिया आईजी जोन ने कहा कि दुर्घटना से देर भली शराब पीकर वाहन ना चलाएं और वाहनों को नियंत्रित गति में सावधानी पूर्वक चलाएं जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।

आईजी जोन प्रयागराज डाक्टर राकेश सिंह एवम डीएम सुजीत कुमार ने मंझनपुर चौराहे पर आयोजित यातायात माह शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए,उन्होंने यातायात माह



यातायत गोष्ठी का फीता काटकर शुभारंभ करते आईजी जोन वा डीएम

का शुभारंभ किया एवम यातायात जागरूकता रैली की हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी यातायात निरीक्षक क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित तमाम लोग मौजूद रहे

## ससुराल में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों खाया जहर हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के युवक की ससुराल में जहर खाने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है



इलाज के दौरान युवक की अस्पताल में मौत।

सांखा ग्राम सभा के मजरा इटैलीपुर निवासी उमेश उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र जंगीलाल अपने पत्नी रोशनी देवी के साथ फतेहपुर जनपद के थाना धाता के ग्राम सभा देवरारे मे रहता था सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहर खा लिया ससुराली लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया जहां देर शाम युवक की मौत हो गयी वहीं मृतक के भाई महेश ने सैनी कोतवाली में तहरीर देकर शव विच्छेदन एवम सुपुर्दगी की मांग की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया मृतक के भाई महेश ने दूरभाष पर बताया कि मृतक उमेश की शादी 1 वर्ष पहले हुई थी 6 -7 माह पहले युवक अपने गृहस्थी का सारा सामान ससुराल उठा ले गया था ।घटना के बाबत बताया कि परिजनों को बीती शाम जहर खाकर गम्भीर बीमार की सूचना मिली जिस पर जिला अस्पताल पहुंचे सूचना किसी और के द्वारा दी गयी थी उसने खुद जहर खाया यह नही बता सकता लेकिन जब डॉक्टर कुछ पूंछ रहे थे तब ससुराल पक्ष मौके से चले गए थे।

# प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में अब तक माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं तथा इन समस्त प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करने वाले मार्गदर्शक शिक्षक(कोच) को मंगलवार को प्रार्थना सभा में विद्यालय के संस्थापक रामावतार त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया माँ शारदे की



छात्रा को सम्मानित करते संस्थापक व प्रधानाचार्य।

प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी` विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0रामकिरण त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में विजयी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए अन्य छात्रों को इनसे प्रेरणा लेने को कहा ` इस कार्यक्रम के अवसर पर आदित्य द्विवेदी,निर्भय सिंह,धनवन्तरि कुमार,सुशील कुमार,अंकित द्विवेदी ,अमित त्रिपाठी,दिवाकर त्रिपाठी,शिवदत्त पाण्डेय,महेश प्रसाद,वरुण प्रकाश जोशी आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन रामशंकर सिंह ने किया



खुली पानी की टंकी।

## पीने योग्य पानी की टंकी में पनप रहे डेंगू मच्छर

**चायल तहसील के पानी की टंकी में गंदगी का अंबार चल रहा साफ सफाई का अभियान हुआ औपचारिता तक सीमित**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल तहसील में आम लोगो के लिए पानी पीने की व्यवस्था की गई है जिसमें आम जनमानस अपनी प्यास बुझाते हैं और तहसील के कर्मचारी भी अपनी प्यास बुझाते हैं की टंकी खुले आसमान में रखे है और उसका मुंह भी खुला हुआ है जिसमें कोई ढक्कन नहीं लगा डेंगू जैसे महामारी फैली हुई हैं खुले पानी की टंकी में मच्छर पनप रहे हैं लेकिन अधिकारी की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं आम जनमानस द्वारा एसडीएम व तहसील को कई बार अवगत भी कराया गया है लेकिन आज तक खुली पानी की टंकी को बंद करने का प्रयास नहीं किया गया जिससे तहसील आने वाले लोग और कर्मचारी डेंगू की बीमारी को लेकर भयाक्रांत है।

## रेप आरोपी के घर की पुलिस ने किया कुर्की

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 372 सन 2020 के अभियुक्त अंकज मिश्रा पुत्र भोला मिश्रा उर्फ जय नारायण मिश्रा निवासी बसुहार थाना सराय अकिल के विरुद्ध पूर्व में अदालत ने गिरफ्तारी वारंट वा 82 की कार्रवाई की थी लेकिन आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ जिस पर विवेचक ने कुर्की किए जाने का निवेदन किया जिस पर अदालत ने पत्रावली का अवलोकन करने के बाद अंकज मिश्रा की कुर्की करने का निर्देश दिया अदालत के निर्देश के बाद पुलिस ने आरोपी अंकज मिश्रा के घर की कुर्की की है

## मंझनपुर ब्लॉक के कई कर्मी हुए डेंगू से पीड़ित

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ों का बजट सरकार खर्च कर रही है साफ सफाई पर सरकार जोर दे रही है मच्छर के समूल नष्ट के लिए लगातार सरकारी खजाने से धन खर्च किए जा रहे हैं लेकिन उसके बाद गांव क्षेत्र से लेकर सरकारी कार्यालयों तक गंदगी का अंबार है मच्छरों की रोकथाम के उपाय कारगर ना होने के चलते सरकारी कार्यालयों में भी डेंगू मच्छर बढ़ रहे हैं बीते 3 दिनों के बीच मंझनपुर मुख्यालय के विकास खंड कार्यालय में डेंगू ने पांव पसार लिया है ब्लॉक के कई कर्मचारी डेंगू से पीड़ित हैं डेंगू से पीड़ित कर्मचारियों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है ब्लॉक परिसर के कर्मचारियों में डेंगू फैलने के बाद साफ सफाई अभियान और मच्छर मारने के अभियान की हकीकत खुल गई है कार्यालयों के कर्मचारियों के डेंगू प्रभावित होने के बाद अन्य कर्मचारियों में दहशत का माहौल है जिले के अन्य तमाम तहसील ब्लाक कार्यालयों में भी डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं।

## धूमधाम से मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

अखंड भारत संदेश

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** चायल तहसील में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई है पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया उसके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया इस मौके पर सर्किल क्षेत्र के पिपरी चरवा और सराय अकिल थाना की पुलिस फोर्स भी मौजूद रही सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर 1600 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता आयोजित हुई प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कांस्टेबल नवीन थाना पिपरी कांस्टेबल विकास यादव पुलिस चौकी चायल कांस्टेबल चोखे लाल थाना पिपरी सहित तमाम पुलिसकर्मियों ने भाग लिया राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर रैली का भी आयोजन किया गया।



महेश्वरी प्रसाद कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन मनाते शिक्षक

## महेश्वरी प्रसाद कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई जयंती

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज आलम चंद्र में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रधानाचार्य ने प्रकाश डाला प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं को सरदार बल्लभ भाई पटेल के बारे में जानकारी दी और सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर स्कूल में कबड्डी का रोमांचक खेल का आयोजन किया गया जिसमें तमाम छात्रों ने भाग लिया इस मौके पर विद्यालय के समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

### मां बेटे डेंगू से पीड़ित

**भरवारी कौशांबी।** भरवारी नगर क्षेत्र में डेंगू के मरीज दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं जिससे नगर वासियों में दहशत का माहौल है नगर पालिका परिषद भरवारी के शाहगंज निवासी शुभ गुप्ता पुत्र राज गुप्ता एवम किरण गुप्ता पत्नी राज गुप्ता दोनो मां बेटा डेंगू से ग्रसित है डेंगू से प्रभावित मां बेटे दोनों का इलाज निजी अस्पताल प्रयाग राज मे चल रहा है।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई।महाविद्यालय में कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो प्रबोध श्रीवास्तव द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल के छाया चित्र पर माल्यार्पण द्वारा शुरू किया गया। इस अवसर पर मध्यकालीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ.मोहम्मद आदिल द्वारा लौह पुरुष के इतिहास में दर्ज कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि भारत की स्वतंत्रता के पश्चात परिस्थितियां बहुत प्रतिकूल थी परंतु पटेल ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के दम पर भारत की रियासतों का एकीकरण किया । मोहम्मद आदिल ने सरदार पटेल पर आगे बोलते हुए बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत स्वार्थों को किनारे कर भारत के कल्याण के लिए अपना योगदान सुनिश्चित किया। भारत के इतिहास में सरदार पटेल जी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा ।

कार्यक्रम संचालक महोदय डॉ. किया । उन्होंने बताया कि सरदार पटेल का राष्ट्र के लिए समर्पित था। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि ने राष्ट्रीय एकता दिवस को मनाने के पीछे सरकार के मंतव्य को



भवंस मेहता के कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राएं।

सी .पी. श्रीवास्तव ने सरदार पटेल जी के जीवन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख व्याख्यायित किया। उन्होंने बताया की हमें अपनी एकता को बनाए रखने के लिए समाज में जाति-पाति, छुआछूत से ऊपर उठकर के एक सजग समाज का निर्माण करना होगा , तभी राष्ट्र की एकता और अखंडता कायम रहेगी । कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.प्रबोध श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद करते हुए उनको अपनी श्रद्धांजलि समर्पित किया। इस अवसर पर प्रो. विवेक कुमार त्रिपाठी 'निराला' ,प्रो. श्वेता,प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह यादव ,डॉक्टर नीति मिश्रा राहुल राय, दीपक कुमार,डॉ. योगेश मिश्रा और डॉ. महेंद्र कुमार उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशी उतारेगी सकिपाःअजय सोनी

**समर्थ किसान पार्टी की जिला कार्यालय मंझनपुर में मासिक बैठक सम्पन्न**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मंगलवार को जिला कार्यालय मंझनपुर में मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी नेता अजय सोनी ने की। इस अवसर पर नगर निकाय चुनाव पर गहन चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि समर्थ किसान पार्टी नगर निकाय चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी। आगे कहा कि विधानसभा चुनाव में समर्थ किसान पार्टी ने जनपद की तीनों विधान सभाओं में अपने प्रत्याशी उतारे थे और पर्याप्त मात्रा में जनता ने पार्टी के उम्मीदवारों को मत दिया था। इसी क्रम में नगर निकाय चुनाव में भी पार्टी अपने दम पर जनपद के कई नगर निकायों में प्रत्याशी उतरने का निर्णय लिया है। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही जिले की कई नगर पंचायतों में कार्यकताओं के साथ बैठक कर नगर निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जायेगी। मासिक बैठक में कई लोगों ने समर्थ किसान पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रेमचंद केसरवानी, शैलेंद्र मिश्रा, अरुण यादव, वीरेंद्र तिवारी, सुरजीत वर्मा, मुकेश सरोज, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।




समर्थ किसान पार्टी की बैठक के बाद बाहर निकलते पार्टी जन।

## नगर में चारो ओर बधी बधाइयां शुरू हुई भागवत कथा

अखंड भारत संदेश

**पश्चिम सरीरा/कौशांबी।** विश्व मैं शांति स्थापना और आम जनता के कल्याण के लिए नगर पंचायत पश्चिम शरीरा क्षेत्र के पूरब शरीरा के मजरा भोलानाथ के पूरा में जजमान हृदय नारायण पांडे द्वारा भागवत कथा का आयोजन कराया गया है भागवत कथा के पूर्व सिर पर कलश रखकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन भी नगर के लोगों द्वारा किया गया है भागवत कथा के आयोजन में कथावाचक आचार्य बसंत मिश्रा द्वारा विश्व में शांति और आम जनमानस के कल्याण के लिए भागवत कथा पर विस्तार से प्रवचन किया जा रहा है इस मौके पर नगर के चारों ओर बधाइयों का सिलसिला लगा है और पूरा नगर क्षेत्र भक्ति के वातावरण में गूंज रहा है भागवत कथा के मौके पर सिद्ध नारायण शिवाकांत शशिकांत हरी प्रसाद पांडे कुबेरनाथ श्रीधर पांडे सहित सैकड़ों लोग भागवत कथा सुनने के लिए प्रतिदिन पांडाल में पहुंच रहे हैं

# डेंगू से हुई चार लोगों की मौत

अखंड भारत संदेश

**हररायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आलामचंद्र गांव मे डेंगू से पीड़ित 3 लोगों की सोमवार को मौत हो गई है एक व्यक्ति की रविवार को मौत हो चुकी है लगातार डेंगू से हो रही मौत के चलते लोगों में दहशत और भय का माहौल व्याप्त है लेकिन सरकारी स्वास्थ्य महकमा लगातार हो रही मौत को डेंगू से मौत मानने को तैयार नहीं है।

बताया जाता है कि आलम चंद गांव निवासी कक्षा 9 का छात्र जतिन गुप्ता उम्र 18 वर्ष पुत्र निरंजन गुप्ता को रविवार की रात को हल्का सा बुखार आया परिजनों ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे डेंगू पीड़ित बताया और इलाज के दौरान सोमवार की सुबह 9:00 बजे उसकी मौत हो गई है उसी मोहल्ले का अंजित सरोज उम्र पंद्रह माह पुत्र राजेश कुमार और गांव के ही अलसिया उम्र चौदह माह पुत्री कलामुद्दीन को रविवार को तेज बुखार आया था उनको न्यू जनता हॉस्पिटल मूरतगंज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहाँ डाक्टरों ने बताया कि इसको जांच करने पर डेंगू है एक दिन इलाज के पश्चात उनकी भी मौत हो गई लगातार हो रही मौत से पीड़ित परिजनों में कोहराम मचा है एक व्यक्ति की इसके पहले भी मौत हो चुकी है जिस पर निजी अस्पताल ने डेंगू की बात कही थी हालांकि सरकारी अस्पताल के चिकित्सक लगातार हो रही मौत को डेंगू मानने को तैयार नहीं है।

## आरोपी को अदालत ने सुनाई दस वर्ष की कैद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार द्वितीय ने मोहम्मदपुर पइंसा थाना क्षेत्र में एक दशक पुरानी दुष्कर्म की घटना का दोषी पाए जाने पर दस वर्ष के कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ पन्द्रह हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है, जिसकी वसूली होने पर बारह हजार रुपए पीड़िता को दिए जाएंगे।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रमेशचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मोहम्मदपुर पइंसा थाना क्षेत्र के वादी मुकदमा ने 25 अगस्त 2013 को तहरीर देकर परई खगल भानपुर निवासी पहाड़ी पुत्र धर्मपाल लोधी के खिलाफ दुराचार का नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार 21 अगस्त 2013 को वादी रिश्तेदारी में गया था।

घर में उसकी लड़की और एक छोटा लड़का मौजूद थे। शाम करीब सात बजे गांव का ही पहाड़ी उर्फ राम सुहावन माचिस मांगने के बहाने घर में घुसकर वादी की लड़की के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर उसने लड़की को जान से मार देने की धमकी देकर रेप करने का प्रयास करने लगा। गांव के दो लोगों ने टार्च की रोशनी में घटना को देखा तो वह धक्का देकर भाग गया। मामले में वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके थाना पुलिस ने विवेचना करके आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था। राज्य सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने वादी मुकदमा व पीड़िता समेत घटना के साक्षियों को अदालत में पेश करके गवाही कराई, और बहस करते हुए उन्होंने आरोपी को कड़ी सजा से दंडित करने का अनुरोध किया।

## सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहर के पास बाइक सवार सड़क हादसे में घायल हो गया गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है मृतक पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जाता है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत मर्दानपुर गांव निवासी आरएन उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र अशोक कुमार बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह म्योहर गांव के पास पहुंचे कि सड़क हादसे के शिकार हो गए हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग पहुंचे मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान बाइक सवार युवक की मौत हो गई

संपादकीय

# मोरबी में कर्तव्य की अनदेखी

**गुजरात** में मोरबी में माछू नदी पर बने सौ साल पुराने झूलते पुल पर बड़ा हादसा हुआ। रविवार को यह पुल एकदम से टूट गया और उस वक्त इस पर मौजूद कई लोग नीचे नदी में गिर गए। इस भयानक हादसे में अब तक 141 लोगों की मौत की खबर है, लेकिन अब भी कई लोगों के नदी में होने की आशंका है। इनमें से कितने बच पाएंगे, कहना कठिन है। रविवार शाम से यहां बचाव कार्य चल रहा है, जो सोमवार को भी जारी रहा। दरअसल नदी में सीवर का पानी भी आता है, और ये पानी ठहरा हुआ है, जिस वजह से गोताखोरों को नीचे तक रोशनी लेकर जाना पड़ रहा है। यह काम काफी कठिन और जोखिम भरा है। लेकिन इस मुश्किल वक्त में न केवल बचावकर्मी बल्कि स्थानीय निवासी भी पूरी शिद्दत से लगे रहे और अपनी भूख-प्यास की चिंता किए बगैर लोगों को बचाने में लगे रहे। संयोग से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 अक्टूबर को अपने गृहराज्य गुजरात में ही थे। उनका यह दौरा सरदार पटेल की जयंती के मौके के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। हालांकि इसके सियासी मकसद भी हैं। गुजरात में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। चुनावों की औपचारिक घोषणा दीपावली के बाद 1 या 2 नवंबर को होने की उम्मीद जतलाई जा रही थी। उससे पहले प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात दौरे बढ़ गए हैं। सोमवार को भी जब मोरबी में पीड़ितों का करुण क्रंदन चल रहा था, उस वक्त श्री मोदी एकता नगर में सरदार पटेल को पुष्पांजलि दे रहे थे। इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि मैं एकता नगर में हूं, लेकिन मेरा मन मोरबी के पीड़ितों के साथ है। शायद ही मैंने अपने जीवन में ऐसा दर्द अनुभव किया होगा। एक तरफ दर्द से भरा दिल है और दूसरी तरफ है 'कर्तव्य पथ'। यह अनायास नहीं है कि श्री मोदी ने कर्तव्य पथ शब्द का इस्तेमाल किया, बल्कि संभवतः इसके पीछे सुविचारित रणनीति है। पाठक जानते हैं कि दिल्ली में राजपथ का नाम अब कर्तव्यपथ हो चुका है। इसी कर्तव्यपथ को अब भाजपा ने गुजरात चुनाव में भुनाने की तैयारी भी की है। बहरहाल, यह मौका राजनीतिक लाभ-हानि देखने का नहीं है, न ही इस वक्त पुराने राग-द्वेष नजर आने चाहिए। मगर फिर भी पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर नरेन्द्र मोदी के प.बंगाल में दिए एक भाषण की क्लिप खूब वायरल हो रही है।

## सत्ता की हनक

**छठ** पूजा अब धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ राजनीति का साधन भी बन चुकी है। खासकर दिल्ली में, जहां इस वक्त आम आदमी पार्टी की सत्ता है। भाजपा की ख्वाहिश भी इस सत्ता को अपनी झोली में डालने की थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। बल्कि अब देश के दूसरे राज्यों जैसे पंजाब, गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में आप लगातार भाजपा के लिए चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में दिल्ली में दोनों दलों के बीच खींचतान और बढ़ती जा रही है। भाजपा की कोशिश आप की सरकार को नाकारा साबित करने की है। इसके साथ ही दिसंबर में संभावित एमसीडी चुनावों के लिए भी दोनों दलों के बीच जोर आजमाइश जारी है। चुनावों से पहले एक-दूसरे के शासन-प्रशासन को खराब दिखाने की कोशिश दोनों दलों के नेता कर रहे हैं। इसके लिए कभी गाजीपुर के कूड़े के पहाड़ पर राजनीति हो रही है, कभी कानून-व्यवस्था के हालात पर और अब छठ के मौके पर यमुना नदी का प्रदूषण सुर्खियों में है। पिछले दिनों भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ, जिसमें वे दिल्ली जल बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी से अपमानजनक व्यवहार कर रहे हैं और उन्हें अपशब्द कह रहे हैं। प्रवेश वर्मा भाजपा के चर्चित चेहरों में शायद इसलिए शुमार हो चुके हैं, क्योंकि वे विवादों की श्रृंखला बनाते जा रहे हैं। शाहीन बाग आंदोलन के वक्त उन्होंने कहा था कि शाहीन बाग में लाखों लोग जमा हो गए हैं। इनके बारे में दिल्ली वालों को सोचना होगा वर्ना यह लोग घरों में घुसकर आपकी बहन बेटियों से दुष्कर्म करेंगे और जान से मार देंगे, इसलिए इन्हें खत्म कर दो। आज समय है, कल मोदी व शाह बचाने नहीं आएंगे। उनके इस बयान के खिलाफ वृंदा करात ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज की थी। इसके बाद पिछले दिनों प्रवेश वर्मा ने बिना नाम लिए एक समुदाय का आर्थिक बहिष्कार करने की सार्वजनिक अपील की थी। जिस पर भाजपा की काफी आलोचना भी हुई थी। और अब प्रवेश वर्मा ने एक सरकारी अधिकारी के साथ उसके कार्यावधि के दौरान अशिष्ट आचरण किया।

जो वीडियो सामने आया है, उसमें प्रवेश वर्मा को तू का संबोधन देते हुए फटकार लगा रहे हैं कि यमुना को साफ क्यों नहीं किया गया। और यमुना सफाई के लिए जो रसायन उन अधिकारी को डालना था, उस पर चिल्लाते हुए प्रवेश वर्मा कह रहे हैं कि ये केमिकल तेरे सिर पर डाल दूं क्या। उनके बात और व्यवहार का यह ढंग यह दर्शा रहा है कि भाजपा सांसद को सत्ता का गरूर है और उन्हें यह एहसास नहीं है कि वे किसी अधिकारी से इतने गलत लहजे में बात कर रहे हैं। वैसे सरकारी अधिकारियों से बदतमीजी के प्रकरण पहले भी सामने आए हैं। कुछ साल पहले इंदौर में भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय ने अवैध निर्माण तोड़ने गए अधिकारी के साथ बदसलूकी की थी, उन पर क्रिकेट का बल्ला उठा दिया था। हालांकि उन अधिकारी ने अदालत में अपने साथ बदसलूकी करने वाले की पहचान में खुद को असमर्थ बता दिया था। लेकिन दिल्ली के प्रकरण में जल बोर्ड के अधिकारी पूरी शालीनता के साथ अपना पक्ष सांसद प्रवेश वर्मा के सामने रखते दिख रहे हैं। बल्कि उन्होंने रविवार को वही रयासन युक्त यमुना के पानी से स्नान भी कर के दिखा दिया कि इसमें कोई नुकसान नहीं है। यमुना की गंदगी साफ करने के लिए रसायनों का इस्तेमाल कितना सही है, यह तो विशेषज्ञ ही बता सकते हैं। रसायनयुक्त पानी से नहाने पर अधिकारी की त्वचा पर क्या असर होगा, यह भी बाद की बात है।

# मस्क की चिड़िया आजाद हुई या हाथी उड़ गया

**ऋतुपर्ण दवे**

**बचपन** में हममें से बहुतों ने 'चिड़िया उड़' का खेल खूब खेला है। इस चक्कर में चिड़िया भले ही न उड़ी हो लेकिन हाथी को जरूर उड़ा दिया। बड़ा मजेदार खेल था। लगभग इसी तर्ज पर मालिकाना हक बदलते ही ट्वीटर की चिड़िया के पर आसमान को छूने लगे हैं। दुनिया के सबसे प्रभावशाली सोशल मीडिया मंच ट्वीटर को पूरी स्वतंत्रता देने का दंभ भरने वाले ट्वीटर के नए मालिक एलन मस्क का एक्शन कितना कामयाब होगा कहना जल्दबाजी होगी। फिलहाल नए मालिक के आते हजारों नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। चिड़िया की आजादी की दुहाई भी बेमानी लगती है। एक तरफ वो इंसानियत की मदद करने की बात कहते हैं तो दूसरी ओर ऐसे सार्वजनिक मंच की बात भी करते हैं जो मानव सभ्यता के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हो। उनकी सोच को लेकर भले ही विश्व से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आएं लेकिन भारत में काफी मायूसी जरूर होगी, होनी भी चाहिए। ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि वो किस तरह से ट्वीटर के जरिए स्वतंत्रता की रक्षा कर पाते हैं। बहरहाल तमाम पेचीदगियों, कानूनी लड़ाई और बहुत मंहगी डील के बाद अब एलन मस्क बतौर मालिक अपना रौब दिखा रहे हैं। ट्वीटर अमेरिका में ही पहले से खेमेबाजी में बंटा हुआ है। वहां के दक्षिणपंथी आरोप लगाते रहे हैं कि उनकी आवाज दबाई जाती रही। सबने देखा कि जनवरी 2021 में जिस तरह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प के ट्वीटर अकाउंड को हिंसा करने वाले उनके समर्थकों को क्रांतिकारी बताने तथा एक अन्य ट्वीट में बाइडेन के शपथ ग्रहण में नहीं जाने के ट्वीट पर कड़ा फैसला ले पहले लॉक किया फिर स्थायी रूप से बंद कर दिया। ट्वीटर को लाभ के हिसाब से ट्रम्प बेहद फायदेमंद थे और करीब 9 करोड़ फॉलोअर भी थे। 14 महीने बाद मई 2022 में एलन मस्क के एक बयान ने सबका ध्यान खींचा जिसमें कहा गया कि वो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्विटर अकाउंट के प्रतिबंध को हटाएंगे। उन्होंने ट्रंप के ट्विटर खाते बैन के फैसला नैतिक रूप से गलत बताया था। लेकिन जैसे ही मस्क के ट्वीटर को टेकओवर करने की बातें उजागर हुईं तो ट्रम्प की बधाई और उनके अकाउंट को रिस्टोर करने के बयान ने भविष्य का रास्ता दिखाने का काम किया जिसमें साफ किया गया कि



जो बातें हो रही हैं वो फर्जी हैं तथा डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से एलन मस्क के ट्विटर को टेकओवर करने को लेकर कोई भी बयान जारी नहीं किया गया है। फैलाया जा रहा बयान फर्जी है। 27 अक्टूबर की ट्वीटर खरीदी समझौता पूरा होते ही एलन मस्क ने सबसे पहले इसके भारतीय मूल के सीईओ पराग अग्रवाल को बाहर कर दिया जो कि अभी साल भर भी कंपनी में नहीं रह पाए थे। वो बीते साल नवंबर में आए थे। सुना तो यहां तक जा रहा है कि ट्विटर के चीफ फाइनेंसियल नेड सीगल और भारतीय मूल के जनरल काउंसल विजया गाड़े को भी बर्खास्त कर दिया गया। इसके पीछे चंद महीनों चली कानूनी जंग और मुकदमे बाजी भी है क्योंकि एलन मस्क जून में ट्वीटर पर स्पैम बॉट्स और फर्जी खातों की जानकारी छिपाने और विलय समझौते का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप लगा डील से बाहर हो गए थे। ताजा अपडेट यह है कि एलन मस्क ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के बोर्ड को भंग कर दिया है। इस फैसले के बाद वह अब बोर्ड के अकेले डायरेक्टर बन गए हैं। यह सूचना यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को भी दी गई है।

पूरा माजरा जानने के लिए ट्वीटर सौदे की प्रक्रिया को थोड़ा जानना होगा। इसी साल 04 अप्रेल को मस्क ने कहा था कि उनके पास ट्वीटर के 9 प्रतिशत शेयर हैं इसलिए वो सबसे बड़े शेयर होल्डर हैं। जब ट्वीटर ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में शामिल होने का न्योता दिया तो उन्होंने 09 अप्रैल को इसे ठुकरा दिया। 13 अप्रेल को मस्क ने ट्वीटर के 54.2 प्रति शेयर खरीदने का पहला और अंतिम न्योता दिया जो करीब 40 बिलियन डॉलर था। ट्वीटर इसे मान गया। लेकिन 13 मई को एलन मस्क ने डील यह कह रोक दी कि ट्वीटर में बहुत से फर्जी अकाउंट्स हैं और रोबोट्स भी फर्जी अकाउंट चलाते हैं। यह पूरी जानकारी उन्हें डील फाइनल होने से पहले दी जाए। इसके बाद पराग अग्रवाल ने ट्वीटर पर एक लंबा थ्रेड जारी कर सफाई दी कि फर्जी खातों को कम करने की दिशा में काम जारी है। पराग के जवाब का उन्होंने एक इमोजी के साथ मजाक उड़ाया और 08 जुलाई को जवाब दिया कि वो आगे इस डील को पूरी नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें गलत व आधी-अधूरी जानकारी देकर गुमराह किया गया है। दोनों के मतभेदों की बातें कई बार सार्वजनिक हुईं। ट्वीटर पर ही कई तरह के तर्क-वितर्क और आपसी नोकझोंक भी सामने आई। यह ट्वीटर प खूब ट्रोल भी हुई। तभी से यह लगने लगा था कि आते ही वो सबसे पहले पराग को ही बाहर का रास्ता दिखाएंगे, जो कर दिया। 12 जुलाई को ट्वीटर ने अमेरिका के डेलावेयर कोर्ट में डील तोड़ने का मुकदमा दायर किया था। इसके जवाब ने एलन मस्क ने 29 जुलाई 2022 को एक प्रतिदावा प्रस्तुत किया जिसमें ट्वीटर पर गलत जानकारी देने के तमाम प्रमाण प्रस्तुत किए। इसी बीच 13 सितंबर को 40 बिलियन की डील को शेयर होल्डर्स ने स्वीकरा जिसके बाद 03 अक्टूबर को मस्क ने पुरानी बातों को दरकिनार ट्वीटर खरीदने की बात साफ की और कोर्ट ने भी मान लिया। 26 अक्टूबर को हाथ में 'सिंक' लेकर ट्विटर के मुख्यालय पहुंचे। 27 अक्टूबर को 44 बिलियन डॉलर का यह सौदा पूरा होते ही ट्वीटर की चिड़िया अपने नए मालिक एलन मस्क के हाथों में पहुंच गई। अब विश्व पटल पर इस सबसे सशक्त सोशल मीडिया माध्यम को लेकर तमाम सवाल उठ रहे हैं जो वाजिब भी हैं। ट्वीटर में आगे किस-किस तरह के और कितने बदलाव होंगे? इस बारे में मस्क की एक चिट्ठी बेहद महत्वपूर्ण है जो उन्होंने अपने सारे विज्ञापनदाताओं और प्रदाताओं को लिख एक तरह से अपनी रणनीति, भूमिका व भविष्य का इशारा भी कर दिया। इसमें कहा गया है कि उनका वाद-विवाद का एक सामान्य टाउन स्क्वायर बनाने की उनकी मंशा है ताकि वाम व दक्षिण की जो धड़ेबाजी दिखती है जो नफरत फैला, लोगों को बांटने का काम करती है, उसे रोकेंगे ताकि किसी ध्रुवीकरण का हथियार ट्वीटर न बने। ट्वीटर को न्यूट्रल यानी गुटनिरपेक्ष माध्यम बनाएंगे।

> प्रतिबंधों के साथ चलेगा ताकि गलत अफवाहों का फैलाव न कर गर्मजोशी से भरा हो और सबका स्वागत करे। एलन मस्क की आदर्श सोच के बाद उन पर ही सवालिया निशान उठने स्वाभाविक हैं कि वो किस तरह से सबके लिए स्वतंत्र होने के बाद जांच और प्रतिबंध लगा पाएंगे? अफवाहों व झूठी खबरों पर कैसे काबू पाएंगे?

मस्क का साफ तौर कहना कि सोशल मीडिया से नफरत और बंटवारे का एक बड़ा खतरा होता है, जिसे वो बदलेंगे। उन्होंने दूसरे पारंपरिक सोशल मीडिया मंच पर भी उंगली उठाते हुए कहा कि यहां पर किसी एक पक्ष को ही महत्व मिलता है लेकिन वो ट्वीटर के साथ ऐसा नहीं करेंगे और पूरी तरह से निष्पक्ष रखेंगे। वो एक स्वस्थ व निष्पक्ष संवाद के पक्षधर हैं जो अब सोशल मीडिया पर कम हो गया है। ट्वीटर को खरीदने का अहम मकसद बताते हुए एलन मस्क यह बड़ी बात भी कहते हैं कि वो मानवता से बेहद प्यार करते हैं। वह मदद करना चाहते हैं इसलिए ट्वीटर को लिया है। ट्वीटर पर नफरती बातों और जहर उगलने की हरकतों को बिल्कुल नहीं होने दिया जाएगा। दूसरी तरफ कहते हैं कि ट्वीटर पूरी तरह से आजाद नहीं होगा। प्रतिबंधों के साथ चलेगा ताकि गलत अफवाहों का फैलाव न कर गर्मजोशी से भरा हो और सबका स्वागत करे। एलन मस्क की आदर्श सोच के बाद उन पर ही सवालिया निशान उठने स्वाभाविक हैं कि वो किस तरह से सबके लिए स्वतंत्र होने के बाद जांच और प्रतिबंध लगा पाएंगे? अफवाहों व झूठी खबरों पर कैसे काबू पाएंगे? एलन मस्क की कार्यप्रणाली या भविष्य के संकेतों से संदेह लाजिमी है। अब आगे ट्वीटर की चिड़िया कितनी आजाद होगी और वो खुले आसमान की कितनी ऊंचाइयों को छू पाएगी यह तो नहीं मालूम । अगर मालूम है तो यह कि मस्क के आते ही ट्वीटर से भारत सहित तमाम को बाहर का रास्ता दिखाकर दुनिया भर में एक नई बहस को जन्म जरूर दे दिया है। बस थोड़े इंतजार के बाद ही पता चल पाएगा कि न-न करते एलन मस्क की

# ऋषि सुनक की कामयाबी पर हमें क्यों खुश होना चाहिए?

**डॉ राजू पाण्डेय**

**ग्लोबलाइजेशन** के अंत का प्रारंभ हो चुका है। विशेषकर कोविड-19 के बाद से दुनिया भर में संकीर्ण राष्ट्रवाद लोकप्रिय हुआ है और फासिस्ट शक्तियां मजबूत हुई हैं। अनेक देश बाहरी लोगों के लिए अपनी सीमाएं बंद कर रहे हैं। ऐसे में ऋ षि सुनक का ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनना एक सुखद आश्चर्य है। विडंबना यह है कि ब्रिटेन के जिस उदार वातावरण ने ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाया है, उस उदारता को संकीर्णता में बदलने की अपेक्षा उनसे की जाएगी। ऋषि सुनक के ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने के बाद सोशल मीडिया में एक अजीब सा उन्माद देखा गया। कुछ बड़े ही रोचक शीर्षक भी नजरों से गुजरे-ब्रिटेन में ऋ षि राज, ऋ षि युग लौट आया, सनातनियों के लिए सुनहरा समय, कोहिनूर की वापसी का मार्ग प्रशस्त आदि आदि। अनेक सोशल मीडिया पोस्ट ऐसी भी थीं जिनमें कुछ चर्चित भविष्यवाणियों का जिक्र था जो भारत के विश्वगुरु बनने की ओर संकेत करती हैं और यह कहा गया था कि अब इन भविष्यवाणियों के सच होने की शुरूआत हो गई है। बहुत से व्हाट्सएप संदेश ऐसे भी देखने में आए जो यह पुरजोर तरीके से समझाने का प्रयास कर रहे थे कि ऋ षि सुनक के चयन के पीछे मोदी जी का अप्रत्यक्ष योगदान है। इनमें कहा गया था कि दरअसल भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी के शानदार प्रदर्शन को देखकर दुनिया के अनेक देश अब यह मानने लगे हैं कि कोई भारतवंशी हिन्दू ही उनके देश का उद्धार कर सकता है, अब हर देश में मोदी जी को तो बुलाया नहीं जा सकता इसलिए स्थानीय भारतीय मूल के नेताओं पर विश्वास जताया जा रहा है। हमारे देश में महंगाई और बेरोजगारी के उच्चतम स्तर, आर्थिक और लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई, नागरिक स्वतंत्रता के ह्रास, मीडिया की आजादी में आई कमी, अल्पसंख्यक अधिकारों के हनन तथा बहुसंख्यक वर्चस्व की बढ़ती प्रवृत्ति आदि की निरन्तर चर्चा करने वाले मुझ जैसे बुद्धिजीवियों को यह संदेश विशेषकर भेजे गए, कुछ संदेशों में मेरे लिए पाद टिप्पणी भी जोड़ी गई थी- अब तो समझ जाओ अक्ल के अंधे! मोदी जी के नेतृत्व भारत विश्व गुरु बन रहा है! इन संदेशों ने मुझ पर गहरा असर किया लेकिन उस रूप में नहीं जैसा इनके प्रेषकों को अपेक्षित था। कभी साम्राज्यवाद और रंगभेद के लिए चर्चित रहने वाले ब्रिटेन की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अल्पसंख्यकों के बढ़ते प्रतिनिधित्व के विषय में जानने की तीव्र जिज्ञासा हुई। अंततः यूके पार्लियामेंट की हाउस ऑफ कॉमन्स लाइब्रेरी की वेबसाइट में 'एथनिक डाइवर्सिटी इन पार्लियामेंट एंड पब्लिक लाइफ' शीर्षक रिपोर्ट ने बहुत कुछ बताया और चौंकाया भी। 1929 में भारतीय मूल के कम्युनिस्ट शाहपुरजी सकलतवाला की बैटरसी सीट से पराजय के उपरांत 1986 तक हाउस ऑफ कॉमन्स में दक्षिण एशियाई या अश्वेत प्रतिनिधित्व नहीं था। किंतु 1987 में अल्पसंख्यक जातीय पृष्ठभूमि रखने वाले डायने एबॉट, पॉल बोटेंग,कीथ वाज तथा बर्नी ग्रांट निर्वाचित हुए। यह संख्या उत्तरोत्तर बढ़ती गई और 2010 के बाद से इसमें बड़ी तेजी से वृद्धि हुई। 1992 में 6,1997 में 9, 2001 में 12, 2005 में 15, 2010 में 27, 2015 में 41, 2017 में 52 जबकि 2019 में 65 सांसद अल्पसंख्यक समुदाय से निर्वाचित हुए। इस प्रकार 2019 में हाउस ऑफ कॉमन्स में अल्पसंख्यक जातीय पहचान रखने वाले सांसदों की संख्या दस प्रतिशत तक पहुंच गई है। जबकि सितंबर 2022 की स्थिति में हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अल्पसंख्यक सदस्यों की संख्या 55 अर्थात 7.6 प्रतिशत थी। हाउस ऑफ कॉमन्स के 65 अल्पसंख्यक संसद सदस्यों में 41 लेबर पार्टी के जबकि 24 कंजर्वेटिव पार्टी के हैं, 2 सांसद लिबरल डेमोक्रेट हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि 65 अल्पसंख्यक सांसदों में 37 महिलाएं हैं। अल्पसंख्यक महिलाओं को इतना प्रतिनिधित्व शायद उनके मूल देश में भी नहीं मिल पाता होगा। पिछले कुछ दिनों में अनेक अल्पसंख्यकों को ब्रिटिश मंत्रिमंडल में बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी दी गई हैं। सुएला ब्रेवरमैन,जेम्स क्लेवरली, रानिल जयवर्धने, क्वासी क्वारटेंग, आलोक शर्मा और नदीम जहावी आदि देश के सबसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाल चुके हैं। यह जानना रोचक होगा कि ऋ षि सुनक के 31 सदस्यीय मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री समेत केवल 5 मंत्री अल्पसंख्यक पहचान रखते हैं जबकि लिज ट्रस के 31 सदस्यीय मंत्रिमंडल में 7 मंत्री अल्पसंख्यक थे।

सितंबर 2022 की स्थिति में लंदन असेंबली में 32 प्रतिशत अर्थात 8 सदस्य अल्पसंख्यक जातीय पृष्ठभूमि से थे। लंदन के मेयर सादिक खान भी अल्पसंख्यक हैं। लंदन की जनसंख्या में अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी 40.6 प्रतिशत है। नेशनल हेल्थ सर्विस इंग्लैंड की अगर बात करें तो इसमें 25.2 प्रतिशत की महत्वपूर्ण भागीदारी अल्पसंख्यकों की है। एनएचएस इंग्लैंड में 49.5 प्रतिशत डॉक्टर्स और 41.9 प्रतिशत हॉस्पिटल कंसल्टेंट्स अल्पसंख्यक पहचान रखते हैं। सितंबर 2021 की स्थिति में इंग्लैंड के 23.4 प्रतिशत सामाजिक कार्यकर्ता अल्पसंख्यक थे। इन आंकड़ों की चर्चा इसलिए कि अल्पसंख्यक वर्ग से ब्रिटिश प्रधानमंत्री का चुना जाना कोई आकस्मिक या असामान्य घटना नहीं है। यह पिछले साढ़े तीन दशक से ब्रिटिश जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलावों की परिणति है और इन परिवर्तनों को ब्रिटेन के सामुदायिक जीवन में अल्पसंख्यकों की बढ़ती भागीदारी के रूप में देखा जा सकता है। यदि हम अपने देश की बात करें तो 2006 में आई सच्चर कमेटी की सिफारिशों के16 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी मुस्लिम अल्पसंख्यकों की स्थिति चिंताजनक है, निराश करने वाली बात यह है कि पिछले एक दशक में मानव विकास और सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक भागीदारी के विभिन्न मानकों के अनुसार मुसलमानों की स्थिति में सुधार के बजाय गिरावट देखी गई है। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार कामकाजी उम्र वाले एक तिहाई मुसलमान ही नौकरियों में हैं, शेष या तो कुछ अपना ही काम कर रहे हैं, अथवा बेरोजगार हैं। मुसलमानों की जनसंख्या देश की कुल आबादी का 14 प्रतिशत है किंतु लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व 4.9 प्रतिशत है। सिविल सेवाओं के इस वर्ष घोषित नतीजों में 685 सफल उम्मीदवारों में पिछले एक दशक में सबसे कम केवल 25 अर्थात 3.64 प्रतिशत मुसलमान हैं। बिहार के अपवाद को छोड़कर जहां आमिर सुबहानी मुख्य सचिव हैं 28 राज्यों में कोई भी मुख्य सचिव मुसलमान नहीं है।

# चुनौतियों से भरी थी मध्यप्रदेश की स्थापना

**एल एस हरदेनिया**

**उच्च** न्यायालय और विद्युत मंडल के अतिरिक्त अन्य विभागों के मुख्यालय भी प्रदेश के अन्य शहरों में बनाये गये। रीवा विंध्यप्रदेश की राजधानी था। उसकी अपनी पृथक विधानसभा, मंत्रिपरिषद और कार्यपालिका थी। इंदौर और ग्वालियर, दोनों राज्यों की मिलीजुली विधानसभा और मंत्रिपरिषद थी। तदनुसार कभी इंदौर और कभी ग्वालियर क्षेत्र से मुख्यमंत्री बनाये जाते थे। भाषा के आधार पर राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश का गठन हुआ जिसमें महाकौशल, छत्तीसगढ़, ग्वालियरए इंदौर, रीवा एवं भोपाल आदि क्षेत्रों को शामिल किया गया। मध्यप्रदेश के गठन के पूर्व आजाद भारत के पहले आमचुनाव संपन्न हो चुके थे। चुनाव में सेन्ट्रल प्राविन्स, ग्वालियर-इंदौर की मिलीजुली, रीवा और भोपाल की विधानसभाओं के चुनाव हुए और इन राज्यों में मंत्रिपरिषदों का गठन हुआ। सबसे छोटी विधानसभा, मात्र तीस सदस्यीय भोपाल में गठित हुई। मंत्रिपरिषद भी उतनी ही छोटी थी। डॉ शंकरदयाल शर्मा मुख्यमंत्री बने। वे पूरे देश में सबसे ज्यादा शिक्षित और सबसे युवा मुख्यमंत्री थे। उस समय उनकी आयु मात्र 34 वर्ष थी। उससे थोड़ी बड़ी विधानसभा रीवा की बनी। भोपाल में राज्यपाल की नियुक्ति नहीं की गई परंतु रीवा के राज्यपाल को लेफ्टिनेंट गवर्नर कहा गया। परन्तु अन्ततः इन इकाइयों को मिलाकर 1956 में नया मध्यप्रदेश राज्य किया गया। विलय होने वाली इकाइयों के मुख्यमंत्रियों में सबसे शक्तिशाली रविशंकर शुक्ल थे। उन्हें डॉ. शर्मा ने भोपाल में राजधानी बनाने पर राजी कर लिया। इफरात में भूमि की उपलब्धता के अलावा दो और बातें भोपाल के पक्ष में गईं। वे थीं विधानसभा और राज्यपाल के निवास के लिए उपयुक्त भवनों की उपलब्धता। जिस भवन को मिन्टो हॉल कहा जाता था उसका निर्माण भोपाल के नवाब ने लार्ड मिन्टो के सम्मान में करवाया था। कार्यालयों एवं निवास हेतु भी अनेक भवन उपलब्ध थे। इसके अतिरिक्त भोपाल भौगोलिक दृष्टि से मध्यप्रदेश के बीचों-बीच स्थित था। भोपाल को राजधानी बनाने के बाद राज्य के भावनात्मक एकीकरण की चुनौती उपस्थित हुई। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मुख्यालयों को अलग-अलग शहरों में स्थापित करने का निर्णय किया गया। किंतु इससे प्रदेश के बुनियादी हितों पर दुष्प्रभाव पड़ा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में स्थापित किया गया। अब इसकी दो बेन्चें ग्वालियर व इंदौर में हैं। परंतु राजधानी भोपाल इनसे वंचित है जिसके कारण नागरिकों को काफी असुविधा होती है। महाधिवक्ता कार्यालय भी जबलपुर में स्थित है। जब भी कोई ऐसा उलझनपूर्ण मामला होता है जिसमें राज्य सरकार को महाधिवक्ता के परामर्श की आवश्यकता होती है, तो उन्हें भोपाल आना पड़ता है। जबलपुर को प्रसन्न करने के लिए उसे मध्यप्रदेश विद्युत मंडल का मुख्यालय भी बनाया गया जिसका लाभ राज्य को मिला क्योंकि विद्युत मंडल के अध्यक्ष को स्वतंत्र रूप से बिना राजकीय हस्तक्षेप के काम करने का मौका मिला। आज मध्यप्रदेश में यथेष्ट मात्रा में बिजली का उत्पादन होने लगा है। उच्च न्यायालय और विद्युत मंडल के अतिरिक्त अन्य विभागों के मुख्यालय भी प्रदेश के अन्य शहरों में बनाये गये। रीवा विंध्यप्रदेश की राजधानी था। उसकी अपनी पृथक विधानसभा, मंत्रिपरिषद और कार्यपालिका थी। इंदौर और ग्वालियर, दोनों राज्यों की मिलीजुली विधानसभा और मंत्रिपरिषद थी। तदनुसार कभी इंदौर और कभी ग्वालियर क्षेत्र से मुख्यमंत्री बनाये जाते थे। इन दोनों शहरों में अनेक महत्वपूर्ण विभागों के मुख्यालय बनाये गये। परंतु संयोग यह हुआ कि इन दोनों शहरों में ऐसे विभागों, परिषदों और मंडलों के मुख्यालय बनाये गये जो मध्यप्रदेश सरकार की आय के प्रमुख स्त्रोत थे। जैसे ग्वालियर को लें। ग्वालियर में राजस्व मंडल आयुक्त भू अभिलेख एवं बंदोबस्त, परिवहन आयुक्त, राज्य अपीलीय अधिकरण व आबकारी आयुक्त के कार्यालय स्थापित किये गये। परिवहन आयुक्त एवं आबकारी आयुक्त के कार्यालय राज्य सरकार की आय के प्रमुख स्त्रोत हैं परंतु इन दोनों कार्यालयों के मुखियाओं का काफी समय भोपाल में बीतता है।

## मिली भगत - सांठगांठ

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भ्रष्टाचार शब्द सदियों से चला आ रहा है भारत में तो यह सैकड़ों साल पूर्व अंग्रेजों के जमाने से ही चला रहा है। परंतु अब इस शब्द के साथ एक नई थीम मिलीभगत जुड़ गई है, जो हमें अब कई बार सुनाई देता है कि सब मिलीभगत है और कुछ नहीं!! कई न्यायालयों से भी कमेंट आता है कि आप उसकी मदद ही नहीं कर रहे हैं आपकी उसके साथ मिलीभगत है। यह बात सुपरटेक मामले में भी अपेक्स कोर्ट में आई थी और अभी 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी गुजरात में हुए भयानक हादसे में भी टीवी चैनलों पर जो बयान आ रहे हैं उसमें अनेक खामियों को देखते हुए वहां भी मिलीभगत शब्द का प्रयोग किया जा रहा है इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार में मिलीभगत और उसे तोड़ने के लिए हम चर्चा करेंगे, आओ मिलीभगत छोड़ सत्य निष्ठा ईमानदारी से अपने पद की जवाबदेही निभाने की शपथ लें साथियों बात अगर हम प्रैक्टिकली अनेक शासकीय विभागों में उनके कार्यालय में देखें तो हमें बाबू से लेकर बड़े अधिकारियों द्वारा चकरे खिलाए जाते हैं। कुछ अपवाद छोड़ दें तो यह स्थिति करीब-करीब हर कार्यालय में देखने को मिलती है इसलिए हमारे दिमाग में बात आती है सब मिलीभगत है क्योंकि हम अगर वही काम किसी बिचौलिए या दलाल के माध्यम से करने जाते हैं तो नीचे से ऊपर तक का काम हाथों-हाथ हो जाता है। इसीलिए हम फिर सोचते हैं कि यह मिलीभगत नहीं तो फिर क्या है ?

# विभिन्न विभाग पूरे माह करेंगे यातायात के प्रति जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर की मौजूदगी में यातायात जागरुकता रैली को हरीझण्डी दिखाकर यातायात माह नवम्बर 2022 का शुभारम्भ किया।

मंगलवार को पटेल तिराहा में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि शासन के निर्देश पर यातायात माह नवम्बर में यातायात संबंधी जनजागरूकता को विभिन्न विभाग कार्यक्रम करायेंगे। संबंधित विभाग माइक्रोप्लान तैयार कराकर लोगों को यातायात नियमों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दें।




पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने कहा कि यातायात सडक सुरक्षा माह में पम्पलेट के माध्यम से जनमानस को नियमों के प्रति जागरूक किया जायेगा। यातायात माह में तीन सवारी, बिना हेलमेट, ड्रिंक एण्ड ड्राइव तथा ओवरलोड, ओवरस्पीड वाहनों की जांच अभियान चलाकर चालान किये जायेंगे।

एनसीसी कैडेट एवं स्कूली छात्रों ने जागरूकता रैली से लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया। वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के साथ यातायात नियमों के पालन की अपील की। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ मऊ शीतला प्रसाद पाण्डेय, पीटीओ परिवहन संतोष त्रिपाठी, मऊ एसएचओ राजीव कुमार सिंह, यातायात दरोगा धर्मेश त्रिपाठी, आफाक खां, पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, सुनील द्विवेदी, राज कुमार त्रिपाठी, रामबाबू गुप्ता, पीआरओ वीर प्रताप सिंह व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रायें और शिक्षक मौजूद रहे।

# राजनेताओं ने पहचान को लगाया ग्रहणः दयाराम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय कलचुरी जायसवाल सर्व वर्गीय महासभा ने शहर में जुलूस निकालकर भगवान सहस्त्रार्जुन के चित्र पर माल्यार्पण कर केशरवानी धर्मशाला में गोष्ठी की। गोष्ठी में समाज के तमाम लोग मौजूद रहे। मंगलवार को केशरवानी धर्मशाला में हुई गोष्ठी में भारतीय कलचुरी जायसवाल सर्व वर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम राय ने कहा कि वर्तमान राजनेताओं के कारण उनकी पहचान को ग्रहण लगा है। वर्तमान व्यवस्था ने उनकी शक्ति को विखंडित किया है। उनका समाज डेढ सौ वर्गों में बंटा है। आस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह न लगे



तो सभी लोगों को एकजुटता का परिचय देते हुए एक मंच पर संगठित होना होगा, यही समय की मांग है। इससे पहले भगवान सहस्त्रार्जुन के चित्र पर समाज के अध्यक्ष महेश प्रसाद जायसवाल, श्रीप्रकाश जायसवाल, अरविन्द शिवहरे, सुनील जायसवाल उर्फ पप्पू, गौरेन्द्र शिवहरे, प्रमोद जायसवाल के साथ मुख्य अतिथि ने पुष्प व दीप जलाया। नगर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकली। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा में सहभागी स्वजातीय बंधुओं का स्वागत किया। मंचासीन प्रकाश जायसवाल, हीरामनि जायसवाल, अमृतलाल जायसवाल, जितेन्द्र, गंगा प्रसाद, रघुनाथ प्रसाद जायसवाल, राजेश जायसवाल को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। संचालन नरेन्द्र जायसवाल ने किया। मंच के अध्यक्ष व संयोजक अर्पित जायसवाल ने आभार जताया। इस मौके पर महेश जायसवाल, संजय जायसवाल, जानकी शिवहरे, रवि जायसवाल, प्रद्युम्न जायसवाल, बब्बू जायसवाल, भगवानदीन, प्रशांत, प्रेम, विनोद, नत्थू, शैलन्द्र, ललिता, उमेश, रोहित आदि मौजूद रहे।

# जलजीवन मिशन के 30 नवम्बर तक कार्य करायें पूरेः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जलजीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल परियोजना रैपुरा गांव के गुप्ता बांध में निमार्णाधीन इंटेकवेल एवं अगरहुण्डा में डब्ल्यूटीपी, पम्प हाउस, सीडब्ल्यूआर, केमिकल हाउस बिल्डिंग, बैंक पोस्ट टैंक, ब्रिज मैकेनिक, प्लस नियर पार्सल, क्लोरीफ्लावर विद्युतीकरण आदि कार्यों का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था जीबीपीआर लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर बीएच श्रीनिवास राव को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने पम्पहाउस अगरहुण्डा में जलजीवन मिशन योजना के तहत निमार्णाधीन कार्यों में चांदीबांगर, सिलौटा एवं रैपुरा पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक कर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गांवों मे ओवरहेड टैंक कम्पलीट हो गये हैं, उनमें पाइप फिटिंग कराई जाये। कार्यों की गति बहुत धीमी है। कार्यों में तेजी लाकर 30 नवम्बर तक पूरे करायें। सामग्री के सप्लायर के वेंडर को सख्ती से आदेश देकर सप्लाई कराकर मशीनरी की फिटिंग करायें।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामिगंगे सुनन्दू सुधाकरण को निर्देश दिये कि जलजीवन मिशन के कार्यों का लगातार निरीक्षण कर प्रगति बढायें। अधिकारियों से कहा कि मैनपावर बढाकर तेजी से कार्य 30 नवम्बर तक पूरे करायें। अन्य जिलों में 30 नवम्बर तक पेयजल की शुरूवात हो रही है। चित्रकूट जिले में भी शुरूवात न होने पर कार्यवाही को तैयार रहें। जलजीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें लापरवाही बरतने पर कार्यवाही होगी।

उन्होंने सहायक अभियंता जल निगम आशीष भारती को निर्देश दिये कि पाइपलाइन डालने का एक मीटर के अन्दर का निर्देश एवं गाइडलाइन है। जहां कमी पाई जाये, कार्यदायी संस्था से रिकवरी करायें।

# मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्टेज्ट/उपजिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने सभी को सूचित किया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में तीस सितम्बर से एक नवम्बर 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कराये जाने के आदेश हैं।

मंगलवार को उन्होंने बताया कि पूर्व संशोधन गतिविधियों में मतदान केन्द्रों का पुर्नव्यवस्था के तहत विसंगतियों को दूर करना जहां कहीं जरूरी हो, निर्वाचक नामावली में धुंधली, खराब वाली तस्वीरों को सुधारकर मतदान केन्द्रों के खण्ड भाग की सीमाओं के स्थान की वापसी को अन्तिम रुप देना और मतदान सूची का अनुमोदन प्राप्त करना समय रेखा को अन्तिम रुप देने की तिथि आठ से 24 अक्टूबर तक, प्रारुप एक से आठ तक की तैयारी के संदर्भ में पूरक ड्राफ्ट रोल तैयार करना एक जनवरी, 25 अक्टूबर से सात नवम्बर तक एकीकृत मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन नौ नवम्बर, दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि नौ नवम्बर से आठ दिसम्बर, विशेष अभियान तिथियां 12, 26 व 20 नवम्बर, चार दिसम्बर, दावे व आपत्तियों का निपटारा 26 दिसम्बर है। अन्तिम प्रकाशन को आयोग की अनुमति प्राप्त करना, डाटाबेस को अपडेट करना, सप्लीमेन्ट की छपाई तीन जनवरी 2023 एवं मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन पांच जनवरी 2023 को किया जायेगा।

# दो दम्पतियों में सुलह करा शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर महिला चैकी मऊ की प्रभारी श्रीमती राजकुमारी की टीम ने दो दम्पतियों के आपनी झगडे को समाप्त कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

मंगलवार को पहाडी थाने की नांदिनतौरा गांव की श्रीमती रेखा ने अपने पति सत्यनारायण पर मारपीट कर झगडा करने का पत्र महिला चैकी प्रभारी राजकुमारी को दिया था। उन्होंने पति को चैकी बुलाकर दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई। दोनों पक्षों को भविष्य में तालमेल से रहने की सलाह दी।



इसी क्रम में मऊ थाना के सुहेल गांव के मजरा बराछी के आनन्दीलाल पुत्र जगतबहादुर ने महिला चैकी प्रभारी मऊ को सौंपे पत्र में कहा कि पत्नी माया देवी बच्चों को सही ढंग से देखरेख नहीं करती। आये दिन विवाद करती है। चैकी प्रभारी श्रीमती राजकुमारी ने पत्नी माया देवी को बुलाकर दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने दम्पति के कर्तव्यों का पालन कर तालमेल से रहने की सलाह दी। दोनों के बीच आपसी सुलह कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया। इस मौके पर चैकी प्रभारी के साथ सिपाही सूरजपाल व महिला सिपाही शिवानी राय मौजूद रही।

इसी क्रम में विभिन्न थाना पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब व पचास क्वार्टर देशी शराब के बरामद कर चालान किया है।

# त्योहार में स्वच्छ वार्ड के लिए वार्ड मेम्बर सम्मानित




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश शासन के त्योहारों के मद्देनजर जनसुविधा उपलब्ध कराने को स्वच्छ त्योहार महोत्सव के तहत चयनित वार्ड गांधीगंज वार्ड 19 के वार्ड मेम्बर मूलचन्द्र गुप्ता व सफाई नायक को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मंगलवार को नगर पालिका के सभी वार्डों के बीच स्वच्छ वार्ड प्रतिष्पर्धा फैलाने के निर्देश के क्रम में नगर पालिका परिषद कर्वी ने सभी वार्डों के बीच त्योहारों में साफ-सफाई, कूडा निस्तारण, एंटी लार्वा छिडकाव, फागिंग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, ओडीएफ प्लस, व्यक्तिगत सार्वजनिक शौचालयों की उपलब्धता, जनजागरूकता आदि मानकों पर उच्च अंक पाने वाले वार्ड को प्रोत्साहित व सम्मानित किया गया। पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने चयनित वार्ड गांधीगंज 19 के वार्ड मेम्बर मूलचन्द्र गुप्ता व सफाई नायक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। खासतौर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार, आरआई राहुल पाण्डेय, कर्मोत्तम सिंह, निर्माण लिपिक ज्ञान गुप्ता, प्रवीण बाबू, अशरफ खान आदि नगर पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम ने कहाः श्यामकृपा के माडल को अपनायें किसान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोपाष्टमी पर श्यामकृपा गौ सदन में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने गौ माता का पूजन कर गुड खिलाया। श्यामकृपा के गौ सेवकों व बाल गोपाल वेदपाठी छात्रों ने मंत्रोच्चार से पूजन सम्पन्न कराया।

मंगलवार को गोपाष्टमी पर डीएम अभिषेक आनन्द ने श्यामकृपा गौ सदन में कर्नाटक से आये शिमला प्रजाति के आम के पौधे का रोपण किया। उन्होंने प्रगतिशील किसान योगेश जैन की प्राकृतिक खेती बासमती धान व आधुनिक ढंग से बागवानी में थाई पिंक अमरुद, रेड लेडी पपीता, छोटी प्रजाति के नींबू के पेड देखे। मौसमी आंवला व हल्दी का प्रयोग देखा। कहा कि इस माडल को यहां के किसानों को देखकर अपनाना चाहिए। गौ आधारित खेती की आज जरूरत है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक खेती किसानों को बेहतर लाभ दे सकती है। इस मौके पर इंडियन बैंक के एलडीएम दीपक कुमार सिंह ने भी भगवान भोलेनाथ का अभिषेक एवं पूजन जिलाधिकारी के साथ किया। श्यामकृपा में हमेशा कार्यक्रमों में सहयोग देने वाले पंकज अग्रवाल, सौरभ जैन, जवाहर यादव, मनोज कुमार, रामरुप पटेल, जगदीश, मलखान आदि मौजूद रहे।

# यूएसए के हिकारु नाकामुरा बने विश्व फिशर रैंडम शतरंज चैंपियन, ज्वालामुखी के लावा से बनी मिली ट्रॉफी

**रेकेवेक ,आइसलैंड।** यूएसए के स्टार ग्रांड मास्टर हिकारु नाकामुरा आखिरकार फीडे फिशर रैंडम विश्व शतरंज विजेता बन गए है और यह शतरंज के किसी भी फॉर्मेट में उनका पहला विश्व खिताब है । हिकारु नें फाइनल मुक़ाबले में एक रोमांचक टाईब्रेक में रूस के यान नेपोमिन्सी को मात देकर विश्व चैंपियनशिप अपने नाम की । दोनों के बीच फाइनल के चारों 960 मुकाबलों के बाद स्कोर 2-2 था ऐसे में टाईब्रेक के लिए अरमागोडेन बाजी खेली गयी जिसमें नाकामुरा नें सफ़ेद मोहरो से हाथी के एंडगेम में 48 चालों में बाजी अपने नाम करते हुए 3-2 से फाइनल जीत लिया और रूस के नेपोमिन्सी को एक बार फिर उपविजेता के स्थान




से संतोष करना पड़ा ।

विश्व क्लासिकल चैम्पियन नॉर्वे के मेगनस कार्लसन नें उज्बेकिस्तान के विश्व रैपिड चैम्पियन नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को 3-1 से मात देते हुए तीसरा स्थान और कांस्य पदक हासिल किया । वैसे तो हम शतरंज के तीन प्रमुख फॉर्मेट क्लासिकल ,रैपिड और ब्लिट्ज़ को ज्यादा जानते है पर पिछले कुछ वर्षो से विश्व शतरंज संघ नें पूर्व विश्व शतरंज चैम्पियन यूएसए के बॉबी फिशर द्वारा ईजाद किए गए फिशर रैंडम शतरंज को भी अधिकृत तौर पर आयोजित करने का फैसला किया है । इस फॉर्मेट में शतरंज के मोहरो की शुरुआती स्थिति को हर मैच में बदल दिया जाता है । बॉबी द्वारा ऐसी 960 स्थितियों का निर्माण किया गया था और इसीलिए इसे 960 शतरंज भी कहा जाता है । दरअसल ऐसा करने से शतरंज की ओपनिंग से सबन्धित सारा ज्ञान जैसे बेमतलब रह जाता है और खिलाड़ियों को हर बार नई स्थिति का आकलन करना होता है ।

# शुभमन गिल ने भारतीय टी20 टीम में सिलेक्शन के बाद खेली शतकीय पारी, 55 गेंदों में बना डाले 126 रन

**नई दिल्ली।** भारतीय चयन समिति ने टी20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड और बांग्लादेश दौरे के लिए टीम की घोषणा की जिसमें शुभमन गिल को पहली बार टी20 इंटरनेशनल टीम में शामिल किया गया। गिल ने आज बता दिया कि चयनकर्ताओं का टी20 इंटरनेशनल टीम में उन्हें शामिल करने का फैसला एक दम सही था और उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में शतक लगा दिया है। कर्नाटक के खिलाफ खेलते हुए सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने धमाकेदार शतकीय पारी खेलते हुए पंजाब को 4 विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाने में मदद की। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खराब शुरूआत की और पहले ओवर की




दूसरी गेंद पर ही ओपनर अभिषेक शर्मा (4) शर्मा का विकेट गंवा लिया। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह मैदान में आए और गिल के साथ क्रीज साझा की लेकिन वह भी तीसरे ओवर की पहली गेंद पर चार रन पर अपना विकेट गंवा बैठे।

गिल को अनमोलप्रीत सिंह का साथ मिला और तीसरे विकेट के लिए दोनों के बीच 151 रन की साझेदारी हुई और टीम को मजबूती आई। अनमोलप्रीत के 43 गेंदों पर 59 रन बनाकर आउट होने के बाद गिल और संवीर सिंह में 64 रन की पार्टनरशिप हुई और 19वें ओवर की अंतिम गेंद पर गिल की विकेट के साथ समाप्त हुई। गिल ने अपनी पारी के दौरान 55 गेंदों में 229.09 की अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट 126 रन बनाए जिसमें 11 चौके और 9 छक्के शामिल थे। वहीं संवीर ने 13 गेंदों में 2 चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 27 रन बनाए और कप्तान मनदीप सिंह एक रन बनाकर नाबाद वापस लौटे और कर्नाटक को 226 रन का मजबूत लक्ष्य देने में कामयाब रहे।

# श्रीलंका ने 6 विकेट की बड़ी जीत से सेमीफाइनल की उम्मीदें रखी कायम, अफगानिस्तान हुआ बाहर

**ब्रिसबेन।** स्पिनर वानिंदु हसरंगा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और धनंजय डिसिल्वा के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने टी20 विश्वकप के सुपर-12 के मैच में मंगलवार को यहां अफगानिस्तान को 9 गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट से हराया। श्रीलंका ने इस जीत से जहां सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी, वहीं अफगानिस्तान अंतिम चार की दौड़ से बाहर हो गया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन इसके बाद उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। उसकी टीम आखिर में आठ विकेट पर 144 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज ने 28 और उस्मान गनी ने 27 रन बनाए। श्रीलंका के लिए हसरंगा ने चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट जबकि तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने चार ओवर में 30 रन देकर दो विकेट लिए। इसके बाद धनंजय ने श्रीलंका की पारी को संवारा तथा 42 गेंदों पर नाबाद 66 रन की आकर्षक पारी खेली। इससे श्रीलंका ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 148 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने अच्छी शुरुआत नहीं की। मुजीब उर रहमान (24 रन देकर दो विकेट) में पथुम निसांका (10) को जल्द ही पवेलियन की रहा दिखा दी। फजलहक फारूकी (22 रन देकर एक विकेट) ने अगला ओवर मेडन करके शिकंजा कसा। कुसाल मेंडिस (25) ने हालांकि अगले ओवर लगातार दो चौके लगाए जिससे श्रीलंका ने पावरप्ले में एक विकेट पर 28 रन बनाए। राशिद खान (31 रन देकर दो विकेट) ने अपने पहले ओवर में ही मेंडिस को आउट कर दिया। इस स्टार स्पिनर के अगले ओवर में हालांकि 14 रन बने जिसमें धनंजय का एक



चौका और एक छक्का शामिल है। धनंजय ने मोहम्मद नबी के अगले ओवर में भी छक्का जड़ा। धनंजय ने चरित असलांका (19) के साथ 54 रन और भानुका राजपक्षे (18) के साथ 42 रन की साझेदारी करके श्रीलंका को जीत दिलाई। इससे पूर्व मैच के पहले दो ओवरों में गेंद स्विंग कर रही थी लेकिन इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाज पावर प्ले के ओवरों में अपनी लेंथ पर नियंत्रण नहीं रख पाए। गुरबाज ने इस बीच आक्रामक रवैया अपनाया। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कासुन रजिता पर छक्का लगाया और इसके बाद भी अपने तूफानी तेवर जारी रखे जिससे अफगानिस्तान ने पावर प्ले के छह ओवरों में 42 रन बनाए। पावर प्ले के तुरंत बाद कुमारा ने हालांकि श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। गुरबाज बड़ी पारी खेलने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन कुमारा ने उनके बल्ले और पैड के बीच से गेंद निकालकर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद स्पिनरों ने जिम्मा संभाला और रन गति पर अंकुश लगाया। गनी ने इस बीच कुमारा पर लांग ऑफ पर छक्का लगाया। इसके बाद उन्होंने हसरंगा पर छक्का लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच थमा दिया। कुमारा ने इसके बाद इब्राहिम जादरान (22) के रूप में अपना दूसरा विकेट लिया। कप्तान मोहम्मद नबी (13) भी देर तक नहीं टिक पाए। श्रीलंका का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं था लेकिन इसके बावजूद अफगानिस्तान अंतिम 30 गेंदों पर केवल 40 रन बना पाया और इस बीच उसने पांच विकेट गंवाए।

# विदेश संदेश

## सुएला ब्रेवरमैन ने प्रवासी संकट को बताया आक्रमण

**लिंदन।** ब्रिटेन की गृह सचिव के रूप में अपनी फिर से नियुक्ति को लेकर आलोचनाओं से घिरीं हुई भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने देश में प्रवासी संकट की तुलना आक्रमण से कर एक और विवाद पैदा कर दिया है। ब्रेवरमैन ने सोमवार को कहा था कि प्रवासियों ने हमारे दक्षिणी तट पर आक्रमण शुरू किया है। केंट में मैनस्टन प्रसंस्करण स्थल की स्थितियों के बारे में चिंताओं के बीच हाउस ऑफ कॉमन्स में सवालों के जवाब में उन्होंने कहा, आइए यह दिखावा करना बंद करें कि वे शरणार्थी संकट में हैं।

छोटी नावों में ब्रिटेन पहुंचने वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या के लिए केंट में एक पूर्व सैन्य अड्डे, मैनस्टन को इस साल फरवरी में एक प्रसंस्करण केंद्र के रूप में खोला गया था। सांसदों को पिछले सप्ताह उनकी पुनर्नियुक्ति के बाद पहली बार संबोधित करते हुए



गृह सचिव ने कहा कि 2022 में दक्षिण तट पर करीब 40,000 लोग पहुंचे हैं, इनमें से कई आपराधिक गिरोह के सदस्य हैं।


डेली मिरर ने लेबर सांसद जारा सुल्ताना के हवाले से कहा कि सुएला की भाषा नफरत को बढ़ावा देती है और विभाजन फैलाती है। ब्रेवरमैन ने यह टिप्पणी भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के यह कहने के कुछ दिनों बाद की कि करुणा उनके प्रशासन के केंद्र में होगी।

लेबर पार्टी की उप नेता एंजेला रेनर ने कहा, 'ऋषि सुनक ने प्रधान मंत्री के रूप में अखंडता, व्यावसायिकता और जवाबदेही लाने का वादा किया था। इसके बजाय, उन्होंने सुएला ब्रेवरमैन को वापस लाया।

शरणार्थी केंद्रों पर भीड़भाड़, बीमारी से ग्रस्त और खतरनाक होने के सवालों के बाद, ब्रेवरमैन ने स्वीकार किया कि सिस्टम टूट गया है और अवैध प्रवासी नियंत्रण से बाहर हैं।

## शहबाज शरीफ ने की किसानों के लिए आर्थिक सहायता पैकेज की घोषणा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने देश के कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के साथ-साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की मदद के लिए वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा की है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामाबाद में एक समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि सरकार इस साल किसानों को 1.8 ट्रिलियन पीकेआर (8.1 बिलियन डॉलर) का ऋण देगी, जो कि 2021 की तुलना में चार गुना अधिक है।



शरीफ ने कहा कि यह पैकेज देश में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद किसानों को अपने पैरों पर खड़े होने में मदद करेगा, जिसने हजारों एकड़ की फसलों को तबाह कर दिया और 10 लाख से अधिक पशुओं को नष्ट कर दिया। पैकेज के अनुसार सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में छोटे किसानों के साथ-साथ पेशेवर किसान बनने के इच्छुक युवा ग्रामीणों को रियायती दरों पर ऋण प्रदान करेगी। पैकेज में उर्वरक की कीमत कम करना, 3 लाख ट्यूबवेल को सौर ऊर्जा में बदलना, कृषि क्षेत्र के छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण का प्रावधान और देश में निवेश करने वाले नए ट्रैक्टर निर्माताओं को शुल्क में रियायत भी शामिल है।

## हैलोवीन आउटफिट में मस्क ने शेयर की तस्वीर, यूजर्स को किया कन्फ्यूज

**लिंदन।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स और अब ट्विटर के मालिक एलन मस्क हर दिन कोई न कोई ऐसा ट्वीट करते हैं, जो चर्चा का विषय बन जाता है। अब उन्होंने हैलोवीन आउटफिट में अपनी तस्वीर साझा की है।

इस तस्वीर ने सोशल मीडिया यूजर्स को भ्रमित कर दिया है कि आखिर मस्क ने किस तरह की पोशाक पहनी और हैलोवीन आउटफिट में वह क्या बनने की कोशिश कर रहे हैं।

दरअसल, मस्क ने अपने पोस्ट में हैलोवीन आउटफिट का खुलासा नहीं किया है कि वह किसके जैसा दिखने की कोशिश कर हरे हैं। उन्होंने अपनी मां माये मस्क के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा है- 'हैलोवीन विद माई मॉम'

**यूजर्स ने किए मजेदार कमेंट**

एलन मस्क के ट्वीट के बाद यूजर्स ने मजेदार कमेंट किए हैं। इन कमेंट में यूजर्स मस्क के आउटफीट के बारे में बाद कर रहे हैं। किसी ने मस्क की सुपर मैन से तुलना की है तो किसी ने लिखा है कि तुम मेरे हीरो की तरह दिख रहे हो, मेरा ट्विटर अकाउंट मुझे दे दो एलन हीरो। एक ने उन्हें लेदर



ब्वॉय लिखा है तो एक ने उन्हें लॉब्स्टरमैन कहकर संबोधित किया है।

## दुनियाभर के खालिस्तान समर्थकों को एकजुट कर रहा पाकिस्तान, आईएसआई की घिनौनी साजिश

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई (ISI) की भारत के खिलाफ नई साजिश का खुलासा हुआ है। खालिस्तान रेंफरेंडम के जरिए ये दुनियाभर के सिख अलगाववादियों को एकजुट कर रहे हैं। इनकी साजिश पहले भी नाकाम हो चुकी है, लेकिन ये अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

पाक खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेस इंटेलिजेंस यानी आईएसआई अपने देश की आंतरिक सुरक्षा से ज्यादा भारत के अंदरुनी मामलों में टांग अड़ाना पसंद करती है। वह भारत के विभिन्न हिस्सों में अलगाववाद व आतंकवाद को बढ़ावा देने में दशकों से जुटी है। खालिस्तान को लेकर भी वह पहले कई बार मुंह की खा चुकी है, लेकिन पड़ोसी देश व उसकी यह एजेंसी भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रचती रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईएसआई ने लाहौर में खालिस्तानी आतंकियों के साथ कई गुप्त बैठकें कीं। इनमें भारत के पंजाब प्रांत में अशांति फैलाने की नई साजिशों का ताना बाना बुना गया। इस साजिश में पाकिस्तान दुनिया भर में स्थित अपने दूतावासों की भी मदद ले रहा है। पाक दूतावासों से कहा गया है कि वे खालिस्तानी अलगाववादियों व आतंकियों को एकजुट करें, उन्हें पैसा और हथियार मुहैया कराकर पंजाब में गड़बड़ी फैलाने के लिए उकसाएं। इसके लिए आईएसआई ने 'खालिस्तान घोषणापत्र' नाम से साजिश तैयार की है।

कथित खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस ने अपने खालिस्तान रेफरेंडम के एजेंडे को फैलाने के लिए बड़ी संख्या में फर्जी ट्विटर हैंडल बनाए हैं। 1450 ऐसे फर्जी अकाउंट पाए गए हैं। इनका मकसद खालिस्तानी एजेंडे व खालिस्तान हैशटैग को इस सोशल साइट में ट्रेंड कराना है। बीते एक माह में खालिस्तान रेफरेंडम के समर्थन में 29032 ट्वीट किए गए हैं। इन्हें 7826 लोगों ने रिट्वीट किया। अक्तूबर में खालिस्तान के समर्थन में 334 नए ट्विटर अकाउंट भी बनाए गए। खालिस्तान का समर्थन करने वाले ट्विटर अकाउंट से हिजाब बैन, पाकिस्तान सेना, कश्मीर से जुड़े हैशटैग वाले ट्वीट भी सामने आए हैं। ये खाते ज्यादातर पाकिस्तान से संचालित किए जा रहे हैं। अनेक खालिस्तानी ट्विटर अकाउंट को भी पाकिस्तान से ट्रेंड कराया गया।

## चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री बाबिस लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

**प्राग।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस ने 2023 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए आधिकारिक रूप से अपनी दावेदारी पेश की है। बाबिस ने कहा है कि चेक गणराज्य में मुद्रास्फीति सितंबर में चिंताजनक 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर पहुंच गई और नागरिकों की स्थिति दयनीय हो रही है। चेक गणराज्य के सबसे धनी लोगों में से एक बाबिस संसद के निचले सदन में सबसे बड़ी एकल पार्टी, एक्शन ऑफ डिससेटिस्फाइड सिटीजन्स (एएनओ) के नेता हैं। उन पर कथित यूरोपीय संघ सब्सिडी धोखाधड़ी योजना को लेकर मुकदमा चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि चेक गणराज्य के राष्ट्रपति को प्रत्यक्ष चुनाव में चुना जाता है और उनका कार्यकाल पांच साल का होता है। मौजूदा राष्ट्रपति मिलोस जमैन का दूसरा कार्यकाल मार्च की शुरुआत में समाप्त हो रहा है। देश में राष्ट्रपति चुनाव का पहला दौर 13-14 जनवरी, 2023 और दूसरा दौर दो सप्ताह बाद हो सकता है।

## धर्मगुरू दलाई लामा ने मोरबी पुल हादसे पर जताया दुख

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा ने गुजरात के मोरबी में पुल गिरने से मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। धर्मगुरू ने इस हादसे पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि वह इससे बहुत दुखी हुए हैं।

परम पावन दलाई लामा ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र रजनीकांत पटेल को पत्र लिखकर कहा है कि वह मरने वालों के लिए प्रार्थना करते हैं और उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को इस हादसे में खो दिया है। धर्मगुरू दलाई लामा ने कहा कि जब इस तरह की घटनाएं और आपदा दक्षिण कोरिया में होती हैं तो ऐसा लगता है जैसे हम सभी पर कोई आपदा आ गई है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि भविष्य में होने वाली ऐसी दुखद दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## ईरान ने 10 अमेरिकी नागरिकों, चार संस्थानों पर लगाया प्रतिबंध

**तेहरान।** ईरान ने 10 अमेरिकी नागरिकों और चार संस्थानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन पर मानवाधिकारों का उल्लंघन, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के अलावा हिंसा व दंगे भड़काने का आरोप लगाया गया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने आरोपों के विवरण के साथ यह सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड की है। मंत्रालय का कहना है कि यह प्रतिबंध क्षेत्र में साहसिक और आतंकवादी कदमों का मुकाबला करने के लिए अपनाए गए कानून के आधार पर लगाए गए हैं। ईरान ने जिन अमेरिकी नागरिकों पर पाबंदी लगाई है, उनमें अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर माइकल कुरिल्ला, सेंट्रल कमांड के डिप्टी कमांडर ग्रेगरी गिलोट, अमेरिका के वित्त विभाग उप सचिव वैली एडेमो और अन्य शामिल हैं। ईरान ने जिन अमेरिकी संस्थानों को प्रतिबंधित किया है, उनमें यूनाइटेड अगेंस्ट न्यूक्लियर ईरान, सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी, नौवीं वायुसेना और नेशनल गार्ड ऑफ यूनाइटेड स्टेट्स शामिल हैं। अब लक्षित व्यक्तियों के ईरान में प्रवेश करने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही ईरान के अंदर उनकी संपत्ति और बैंक खाते फ्रीज हो जाएंगे।

## भारत के 'स्टील मैन' जमशेद जे ईरानी का निधन

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक और भारत के ह्यस्टील मैनह्न के नाम से मशहूर जमशेद जे. ईरानी का सोमवार रात निधन हो गया। उन्होंने 85 साल की उम्र में रात 10:00 बजे जमशेदपुर में अंतिम सांस ली। टाटा स्टील ने ईरानी के निधन की जानकारी दी है।

टाटा स्टील ने मंगलवार को कहा है - 'स्टील मैन ऑफ इंडिया' अब नहीं रहे। पद्म विभूषण डॉक्टर जमशेद जे इरानी के निधन की जानकारी देते हुए टाटा ग्रुप ने दुख जताया है। ईरानी चार दशक से ज्यादा टाटा स्टील से जुड़े रहे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## रूसी मिसाइलों के हमलों से यूक्रेन में बिजली और पानी का संकट, प्रमुख शहरों में बुनियादी ढांचे तबाह

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई प्रमुख शहरों में पानी और बिजली का संकट पैदा हो गया है। यह संकट यूक्रेन के बुनियादी ढांचों पर रूसी मिसाइलों के भारी हमले के बाद हुआ है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रूस के इन हमलों को यूक्रेन द्वारा कथित तौर पर इस सप्ताहांत काला सागर में रूसी बेड़े पर किए गए ड्रोन को लेकर जवाबी कार्वाई के रूप में देखा जा रहा है। यूक्रेन ने इन हमलों के आरोपों से इनकार किया है। यूक्रेन की राजधानी कीव के कई हिस्सों में तडक़े धमाकों की तेज आवाजें सुनी गईं। सुबह-सुबह आपातकालीन विभाग की ओर से मिसाइल हमलों के बारे में चेतावनी वाले संदेश जारी किया गया। शहर में इस दौरान करीब तीन घंटे तक हवाई हमलों के खतरे के सायरन बजते रहे। कीव के मेयर वितोली कलितस्चको ने बताया कि हमलों के कारण यूक्रेन की राजधानी के एक हिस्से में बिजली व पानी की आपूर्ति ठप है। उन्होंने कहा कि कीव में रहने वाले करीब 80 फीसदी लोगों को पानी की



आपूर्ति बाधित हुई है। लोगों को निकटतम पंप रूम और बिक्री केंद्रों से पानी खरीद कर भंडारण करने के लिए कहा गया है।कलितस्चको ने कहा कि शहर के करीब साढ़े तीन लाख घरों में बिजली की आपूर्ति करने वाले संयंत्र को ठीक करने के लिए स्थानीय अधिकारी जुटे हुए हैं।

उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि कीव के कुछ इलाकों में तीन से चार घंटों के भीतर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। यूक्रेन के प्रति समर्थन जताने के लिए चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फिआला, विदेश, रक्षा और आंतरिक मंत्रियों सहित उनकी सरकार के कई शीर्ष अधिकारियों के कीव पहुंचने से ठीक पहले यह हमले हुए।

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि लड़ाई के दौरान रूस द्वारा आम नागरिकों को निशाना बनाकर ऐसे मिसाइल हमले करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, इन हमलों को प्रतिक्रिया कहकर उचित न ठहराएं। रूस ऐसा इसलिए करता है क्योंकि उसके पास अभी भी मिसाइलें हैं और वह यूक्रेन के लोगों को मारने की इच्छाशक्ति रखता है। कीव के उत्तर में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया गया है। नीपर नदी के बाएं किनारे वाले इलाके से धुआं उठ रहा था। अधिकारियों ने जापोरिज्जिया में भी हमलों की वजह से बिजली आपूर्ति ठप होने की आशंका जताई है। कीव के दक्षिण-पूर्व में चर्कासी क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर भी हमले किए गए। यूक्रेन के अन्य क्षेत्रों में भी विस्फोट होने की सूचना मिली थी।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार मध्य यूक्रेन के किरोवोहद क्षेत्र में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। क्षेत्रीय गवर्नर सेरही बोरज़ोव के अनुसार विन्नित्सिया में एक रूसी मिसाइल को मार गिराया गया। यह मिसाइल रिहायशी इलाकों पर गिरी, जिसके परिणामस्वरूप इमारतों को क्षति हुई लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। यूक्रेनी रेलवे के कुछ हिस्सों को भी बिजली की आपूर्ति बाधित हुई। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने सोमवार के हमलों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि रूसी सेना नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाकर हमले कर रही है और लड़ाई जारी रख रही है। हम मजबूती के साथ डटे रहेंगे और रूस की आने वाली पीढय़िों को इन हमलों की कीमत चुकानी होगी। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि 50 से अधिक क्रूज मिसाइलों को कैस्पियन सागर के उत्तर से और रोस्तोव क्षेत्र में रूसी शहर वोल्गोडोंस्क के आसपास के क्षेत्र से टीयू-95, टीयू-160 मिसाइल ले जाने वाले युद्धक विमान से दागा गया था। उनमें से कुल 44 मिसाइलों को मार गिराया गया था। रूसी सेना ने अभी तक इन हमलों को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## मोरबी हादसे पर दुनिया भारत के साथ, कई देशों ने जताया शोक

**मॉस्को/काठमांडू/वारसा।** भारतीय प्रांत गुजरात के मोरबी में पुल गिरने के हादसे में हुई मौतों पर दुनिया भारत के साथ दुखी है। कई देशों ने हादसे पर शोक जताकर गहरी संवेदना व्यक्त की है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने भारत की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजे शोक संदेश में गुजरात में पुल ढहने के दुखद घटनाक्रम पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर करने के साथ घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। रूस के राजदूत डेनिस एलीपोव ने भी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों के साथ संवेदना जाहिर की है।

नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने कहा कि गुजरात के मोरबी में पुल गिरने की दुखद घटना से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने बहुमूल्य जीवन के नुकसान पर भारत सरकार और भारत के लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

पोलैंड के विदेश मंत्री ज्बिगन्यू राउ ने मोरबी में हुई घटना



पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस शहर का भारत और पोलैंड के रिश्तों में अहम स्थान है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। दूतावास की ओर से ट्वीट कर कहा गया कि गुजरात में पुल ढहने की घटना से भारत में अमेरिकी दूतावास अत्यधिक दुखी है। इस भयावह हादसे के पीड़ितों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ट्वीट में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गयी है। भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए ट्वीट किया। उन्होंने घटना को भयावह और चौंका देने वाला करार दिया। भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने कहा कि गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज टूटने से कई लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। मृतकों, घायलों के परिवार और उनके दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए उन्होंने कहा कि उनका दिल गुजरात के लोगों के साथ है।

## ईरान में सड़क पर उतरे छात्र, सुरक्षा बलों से हिंसक झड़प में कई जख्मी

**तेहरान।** बीते माह पुलिस हिरासत एक छात्रा की मौत के बाद से ईरान के छात्र शांत होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ईरान में आंदोलित छात्र सड़क पर उतरे हैं और सुरक्षा बलों से हुई हिंसक झड़प में कई लोग जख्मी हो गए हैं। सड़कों पर जगह-जगह आगजनी भी हुई है। बीते माह पुलिस की हिरासत में एक छात्रा महसा अमिनी की मौत हो गयी थी। इसके बाद से ईरानी छात्र-छात्राएं लगातार आंदोलित हैं। ईरानी अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने ईरानी विद्यार्थियों को शनिवार तक हर हाल में प्रदर्शन समाप्त करने की चेतावनी दी थी, किन्तु छात्र नहीं माने। ईरानी छात्र-छात्राओं ने देश भर में प्रदर्शन किया। सड़क पर भारी संख्या में प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं के उतर आने से ईरान के सुरक्षा बलों ने भी उन पर कार्रवाई की। इसके बाद ईरानी विद्यार्थियों व सुरक्षा बलों में हिंसक झड़प हुई, जिसमें कई घायल हुए। ईरान की सड़कों पर जगह-जगह आगजनी भी हुई है। आंदोलित छात्रों ने सड़कों पर टायर जलाकर रास्ता रोकने जैसे काम भी किये हैं। ईरान से वायरल हुए कई वीडियो



में विद्यार्थियों व सुरक्षा बलों के बीच झड़प साफ दिखाई दे रही है। एक वीडियो में कुछ वर्दीधारी अधिकारी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करते देखे गए। यह वीडियो पश्चिमी ईरान के सानंदाज टेक्निकल कॉलेज का बताया जा रहा है। राजधानी तेहरान में कार्यकर्ता समूहों ने दावा किया कि आज़ाद विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारियों, बासिज मिलिशिया के सदस्यों और सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारियों के बीच झड़प हुई। इसी तरह एक अन्य वीडियो में प्रदर्शनकारियों की एक बड़ी भीड़ दिखाई दे रही है। इसमें शामिल लोग लाठियों से लैस हैं। इन पर सुरक्षा बलों द्वारा आंसू गैस के गोले फेंकने का वीडियो भी वायरल हुआ है। तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों को मार्च करते और नारे लगाते देखा गया। तेहरान विश्वविद्यालय में छात्रों और प्रोफेसरों की एक बड़ी विरोध सभा होने की जानकारी भी सामने आई है। इसी तरह एक अन्य वीडियो में गोलियों की आवाज सुनाई दे रही है। यह वीडियो कुर्दिस्तान विश्वविद्यालय के पास बनाया गया है।

## पाकिस्तान में सेना के अभियान में 2 जवान व 4 आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक सैन्य अभियान के दौरान दो पाकिस्तानी सैनिक और चार आतंकवादी मारे गए। यह बयान सेना की तरफ से आया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि प्रांत के



कमान पास इलाके में आतंकियों के ठिकाने को खाली कराने के लिए ऑपरेशन चलाया गया।

इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं, इसके परिणामस्वरूप सैन्यकर्मियों की मौत हो गई, आईएसपीआर के बयान में कहा गया है कि जवाबी कार्रवाई में चार आतंकवादी भी मारे गए। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों के पास से विस्फोटक उपकरणों सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

सेना ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके में अन्य आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी रखा है।